जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर
Rashtradoot

फोनः- 2418945 फैक्सः- 0294-2410146 वर्षः 32 संख्याः 110 प्रभात उदयपुर, शुक्रवार 21 फरवरी, 2025 आर.जे. 7202 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

# यूक्रेन युद्ध का "अन्त" क्या कोरिया वॉर (1950-53) की तरह होगा?

## कोरियन वॉर में केवल दीर्घकालीन "सीज़फायर" हुई थी, कोई अधिकृत शान्ति स्थापित करने वाली संधि नहीं हुई है। जिसका अर्थ है, युद्ध की स्थिति अनिर्णित है तथा समय-समय पर स्थिति में उफान आ सकता है

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 फरवरी। अपने कार्यकाल के एक महीने के अंदर अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प स्वयं को घिरा हुआ महसूस कर रहे हैं। उन्होंने शेखी बघारा थी कि पद संभालने के बाद 24 घंटों में वो यूक्रेन युद्ध समाप्त करवा देंगे। वो रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ एक डील करने के लिए अत्यधिक जल्दी में हैं, जैसा कि उनकी हाल की बयानबाजी और सऊदी अरब में चल रही गोपनीय अमेरिकी-रूसी वार्ताओं से संकेत मिलता है।

ऐसी क्या बात है, जो यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ैलैंस्की और उनके यूरोपीय सहयोगियों को शामिल किए बिना, डील करने के लिए ट्रंप को प्रेरित कर रही है? विश्लेषकों का कहना है कि कई कारक हैं जो उन्हें प्रेरित कर रहे हैं।

- इस कोरियन स्टाइल समाधान का व्यवहारिक अर्थ है, किसी भी पार्टी को अपनी ओर से खास "कन्सैशन" (रियायत) नहीं देनी पड़ती।
- यूक्रेन के संदर्भ में इसका मतलब है कि यूक्रेन व रूस एक लम्बे समय तक रहने वाली "सीज़फायर" पर सहमत हो जाते हैं तथा दोनों देशों के बीच सीमा पर भारी संख्या में सैना तैनात रहेगी, अपने हथियारों व मशीनों सहित।
- यूक्रेन की सार्वभौमिकता बरकरार रहेगी तथा रूस के कब्जे में गये क्षेत्र पर यूक्रेन का नियंत्रण नहीं रहेगा।
- ट्रम्प पूरे जोर-शोर से लगे हैं, यूक्रेन वॉर का ऐसा "समाधान" ढूंढ़ने में। अगर ट्रम्प अपने इस प्रयास में सफल होते हैं तो समस्याओं का तुरन्त, आनन-फानन, किसी भी तरह "समाधान" निकाल लेने की उनकी छवि को मजबूती मिलेगी, अमेरिका में और बाहर विदेशों में।

ट्रंप "डील-मेकर" के रूप में अपनी छवि को पुनः स्थापित करना चाहते हैं। उन्होंने हमेशा खुद को एक "मस्टर निगोशिएटर" के रूप में प्रस्तुत किया है, और यूक्रेन युद्ध का जल्द समाधान करने से उनकी प्रतिष्ठा में मजबूती आएगी।

उन्होंने लगातार अमेरिका द्वारा दी जाने वाली सहायता और सैन्य हस्तक्षेपों की आलोचना की है, यह तर्क देते हुए कि यूक्रेन को समर्थन देना एक वित्तीय बोझ है। समझौता करवाकर, वो दावा कर सकते हैं कि उन्होंने अमेरिकी करदाताओं के पैसे की बचत की है और ऐसा करके वो संसाधनों को फिर से अपने देश में लगा सकते हैं। ट्रंप के समर्थकों का एक भाग विदेशी संघर्षों से पीछे हटने के पक्ष में है, और यूक्रेन में अमेरिकी भागीदारी को अनावश्यक मानता है। अपनी शर्तों पर युद्ध को समाप्त करवाना ट्रंप के इस जनाधार को खुश कर सकता है।

ट्रंप द्वारा बार-बार किए जा रहे इन दावों में, कि युद्ध के लिए यूक्रेन भी जिम्मेदार है, रूस का प्रपोगैंडा नज़र आता है। नाटो और यूरोपीय सहयोगियों के प्रति उनका सार्वजनिक संदेह यह संकेत देता है कि वह इस क्षेत्र में अमेरिकी प्रतिबद्धताओं को कम करना चाहते हैं, शायद यूक्रेन को बलि का बकरा बनाकर।

रूस के साथ रिश्तों को स्थिर करना वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं, विशेष रूप से ऊर्जा बाजारों में, को कम करने में मदद कर सकता है, जो अमेरिकी उपभोक्ताओं को प्रभावित करते हैं। समझौता करने के लिए रुस पर लगे प्रतिबंधों पर पुनर्विचार करना होगा तथा रुसी एनर्जी एक्सपोर्ट सुनिश्चित करना पड़ेगा।

ट्रंप का पुतिन के साथ एक जटिल संबंध रहा है। वे रूस के साथ समझौते को एक अवसर के रूप में देख सकते हैं, जिससे रिश्तों की फिर से नई शुरुआत की जा सके, संभवतः अमेरिकी व्यापार हितों के लिए कुछ रियायतों के बदले में।

इन कारकों के बावजूद, एक ऐसा समझौता जो रुस को भारी फायदा पहुंचाता हो, को कांग्रेस, नाटो सहयोगियों और यहां तक कि ट्रंप के अपने प्रशासन से भी विरोध का सामना करना पड सकता है। खतरा यह है कि जल्दबाजी में किया गया कोई समझौता

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# सोनिया गांधी की तबियत बिगड़ी, सरगंगाराम अस्पताल में भर्ती

नई दिल्ला, 20 फरवरी। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की गुरुवार को तबीयत बिगड़ गई, उनको सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि डॉक्टरों की एक

- अस्पताल में डॉक्टरों की एक टीम उनकी निगरानी कर रही है तथा सेहत में सुधार बताया जा रहा है।

टीम उनकी निगरानी कर रही है और उनकी तबीयत अब ठीक है। शुक्रवार को उनको छुट्टी मिलने की संभावना है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# राज्य सरकार एसआई प्रकरण में शुक्रवार को पक्ष रखे

जयपुर, 20 फरवरी। राजस्थान हाईकोर्ट ने एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक मामले में राज्य सरकार को अपना

- अतिरिक्त महाधिवक्ता ने हाई कोर्ट को बताया था कि भर्ती रद्द करने के मामले में राज्य सरकार का निर्णय चार महीने में कर लिया जायेगा।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# 'गत दशकों में "यूएस एड" ने भारत में किस-किस सरकार व गैर सरकारी संस्थाओं को पैसे दिये?'

## इस मुद्दे पर मोदी सरकार जाँच करके एक "श्वेत पत्र" जारी करे- कांग्रेस ने माँग की

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 फरवरी। यू.एस.एड द्वारा भारत के चुनावों में वोटर टर्न आउट बढ़ाने के लिए दी जाने वाली आर्थिक मदद पर सत्तारुढ़ पार्टी भाजपा और विपक्ष के बीच आरोप प्रत्यारोप का जो अंतहीन सिलसिला चल निकला, उसके बीच एक सकारात्मक कदम उठाते हुए कांग्रेस ने मोदी सरकार से मांग की है यू.एस. एड द्वारा भारत में कई दशकों से सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं को दी जा रही मदद पर श्वेत पत्र जारी किया जाए।

कांग्रेस ने राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प के दावे को बेतुका करार दिया।

ट्रम्प ने कहा था कि "हम भारत में वोटर टर्न आउट बढ़ाने के लिए 21 मिलियन डॉलर क्यों दें? मुझे लगता है वे किसी और को निर्वाचित करवाने का प्रयास कर रहे थे।"

एक्स पर एक पोस्ट में कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि इन दिनों यू.एस. एड बहुत चर्चा में है इसकी स्थापना 3 नवम्बर 1961 को की गई थी। अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा जो दावे किए जा रहे हैं वे कहने के लिए तो कम से कम बेतुके हैं।

उन्होंने लिखा, भारत सरकार को जल्द से जल्द एक श्वेत पत्र जारी करना चाहिए। जिसने दशकों से यू.एस.एड द्वारा सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं को दी गई वित्तीय सहायता का विवरण हो।

- जैसा कि विदित ही है, ट्रम्प ने भारत को "वोटर टर्न आउट" बढ़ाने के लिए दिये गये 21 मिलियन डॉलर के अनुदान की बात करते हुए, यह भी कहा है कि भारत को ऐसे अनुदान की कोई जरूरत नहीं, पर, शायद जिन्हें यह अनुदान राशि प्राप्त हुई, वे किसी "व्यक्ति विशेष" को जिता कर लाना चाहते थे।
- कांग्रेस के राष्ट्रपति ट्रम्प के इन उद्गारों को बेबुनियाद व फिजूल बताया और कहा, श्वेत पत्र जारी करके ही इस कुप्रचार का अंत हो सकता है।
- ऐसे ही मद के तहत यूएस एड ने 29 मिलियन डॉलर बाँग्लादेश तथा 39 मिलियन डॉलर नेपाल को भी अनुदान के रूप में दिये थे।

अरबपति एलन मस्क के नेतृत्व वाले विभाग "गवर्नमैंट एफिशिएंसी" ने 16 फरवरी को उन मदों की लिस्ट घोषित थी जिसमें अमेरिकन कर दाता को पैसा खर्च किया जा रहा है इसमें भारत में वोटर टर्न आउट के लिए दिए जा रहे 21 मिलियन डॉलर का भी जिक्र था।

विभाग ने समस्त सहायता रोकने की घोषणा की। इसमें बांग्लादेश को पॉलिटिकल लैंड स्केप के विस्तार के लिए 29 मिलियन डॉलर, वित्तीय संघवाद के लिए 20 मिलियन डॉलर नेपाल को जैवविविधता के संरक्षण के लिए दी जा रही 19 मिलियन डॉलर की सहायता शामिल है।

ट्रम्प ने बुधवार को इस पर कहा था "हम भारत को 21 मिलियन डॉलर क्यों दे रहे हैं उनके पास बहुत पैसा है भारत हम पर सबसे ज्यादा टैक्स लगाने वाला देश है और इस वजह से हम भारत के व्यापारिक क्षेत्र में घुस नहीं पाते हैं।"

# 'दिल्ली के नये मंत्रिमंडल में 71 प्रतिशत मंत्रियों के खिलाफ "क्रिमिनल केस" चल रहे हैं'

## एसोसिएशन फॉर डैमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ए.डी.आर.) ने मंत्रियों द्वारा चुनाव से पूर्व शपथ पत्र द्वारा दायर जानकारी के आधार पर यह जानकारी सार्वजनिक की है

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 फरवरी। दिल्ली के 7 नए मंत्रियों में से 5 ने अपने खिलाफ क्रिमिनल केस होने की घोषणा की है, जिनमें मुख्यमंत्री भी शामिल हैं। नव-निर्वाचित विधायकों में से दो अरबपति हैं। यह जानकारी दी है, चुनाव अधिकारों (ए.डी.आर.) से जुड़े संगठन एसोएिशन फॉर डैमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने।

यह जानकारी चुनाव से पूर्व इन मंत्रियों द्वारा दायर सत्यापित शपथ पत्र में घोषित की गई है।

ए.डी.आर. के विश्लेषण के अनुसार, 7 में से 5 मंत्रियों (71 प्रतिशत) के खिलाफ अपराधिक मामले दर्ज हैं, जबकि दो (यानि 29 प्रतिशत) अरबपति है।

रिपोर्ट के अनुसार, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के खिलाफ भी अपराधिक मामले हैं।

- ए.डी.आर. ने यह भी जानकारी दी है कि मंत्रियों में 29 प्रतिशत मंत्री अरबपति हैं।

एक मंत्री आशीष सूद के खिलाफ तो गंभीर किस्म के अपराधिक मामले दर्ज हैं।

आर्थिक मोर्चे पर देखे तो 2 मंत्री अरबपति हैं, पहले है मनजिंदर सिंह सिरसा जो सबसे अमीर हैं। राजौरी गार्डन से चुनाव जीत कर विधायक बने मनजिंदर सिंह 248.85 करोड़ रूपए की सम्पत्ति के मालिक हैं। सबसे कम सम्पत्ति कारावाल नगर के विधायक कपिल मिश्रा की है।

उन्होंने 1.06 करोड़ रूपए की सम्पत्ति घोषित की है।

सातों मंत्रियों की औसत सम्पत्ति का औसत 56.0 करोड़ रूपए है। सभी ने अपनी देनदारियां भी घोषित की हैं, सर्वाधिक देनदारी प्रवेश साहिब सिंह वर्मा पर 74.36 करोड़ रूपए की है।

सभी मंत्रियों ने अपनी शैक्षणिक योग्यता भी बताई है। इनके 6 मंत्री स्नातक या उससे अधिक शिक्षित है, एक मंत्री बारहवीं पास है।

5 मंत्रियों की उम्र 41 से 50 के बीच है। वही दो की 51 से 60 के बीच। कैबिनेट में एक ही महिला है और वो मुख्यमंत्री हैं।

अपराध और भ्रष्टाचार को अब सामान्य बात की तरह स्वीकार कर लिया गया है। एक समय तक जब आर.एस.एस. उच्च नैतिक आदर्शों और चरित्र का निर्माण का दम भरती थी और भाजपा को "पार्टी विद डिफरैंस" का तमगा दिया गया था। एक वरिष्ठ आर.एस.एस. नेता ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर कहा कि सत्ता ने सब कुछ बदल दिया है।

# चार विधायकों ने विधानसभा में लगे आईपैड तोड़े

जयपुर, 20 फरवरी। स्पीकर वासुदेव देवनानी ने विधायकों को सदन में लगाए गए आईपैड का सही तरीके से इस्तेमाल करने की नसीहत दी है। स्पीकर ने कहा कि, विधायक आईपैड का इस्तेमाल सही तरीके से नहीं कर रहे हैं। कुछ लोग तो इसका स्टैंड की तरह यूज़ करते हैं, इस पर दबाव देते हैं। चार विधायकों के आईपैड टूट चुके हैं, जो

- स्पीकर देवनानी ने नाराज़गी प्रकट की कि कुछ विधायक इसका इस्तेमाल स्टैण्ड की तरह कर रहे हैं।

मुझे रिपेयर करवाने पड़े हैं। देवनानी ने कहा कि इन चारों के नाम भी मेरे पास हैं। कुछ विधायक इसे लॉक करके जाते हैं, कोई भी इसको लॉक करके नहीं जाए। कुछ विधायक आईपैड को निकालकर फोन चार्ज करने लग जाते हैं। यह फोन कनेक्टर नहीं है। मुझे सदन में बार-बार ये बातें दोहरानी पड़ेगी तो ठीक नहीं है। आईपैड लगाने पर 16 से 17 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। इसका घर की चीज की तरह इस्तेमाल करें।




# डॉ. किरोड़ी लाल मीणा का फोन टैप नहीं हुआ- मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म

## राज्य सरकार ने फोन टैपिंग प्रकरण पर विधानसभा में जवाब दिया

- विधानसभा संवाददाता -

जयपुर, 20 फरवरी। विधानसभा में गुरुवार को राज्य सरकार ने मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के फोन टैपिंग के आरोपों का जवाब दिया। परन्तु इसके बाद कांग्रेस विधायकों ने सदन से वॉकआउट कर दिया।

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने सदन में कहा कि किरोड़ी लाल मीणा सहित किसी का फोन टैप नहीं हुआ। मंत्री के जवाब पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा- जब सरकार ने कहा कि किरोड़ी का फोन टैप नहीं किया तो फिर आप उनके आरोपों पर क्या कार्रवाई करेंगे। फिर किरोड़ी का इस्तीफा क्यों नहीं स्वीकार करते?

नेता प्रतिपक्ष ने जब सवाल उठाए तो वन मंत्री संजय शर्मा ने पोस्टर लहरा दिया। इस पर जूली ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि मंत्री ही पोस्टर लहरा रहे हैं, यह किस नियम में है। इस पर कुछ देर के लिए हंगामा हुआ।

- नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा, यदि सरकार यह जवाब उसी दिन दे देती तो बात वहीं खत्म हो जाती। भाजपा के ही कई लोग नहीं चाहते थे कि सीएम का जवाब ढंग से हो।
- गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने कहा कि किरोड़ी मीणा सार्वजनिकरूप से यह कह चुके हैं कि उनका फोन टैप नहीं हुआ है।

जूली ने कहा- मंत्री ने आज जो जवाब दिया, वो उसी दिन दे देते तो बात ही खत्म हो जाती। भाजपा के ही कई लोग नहीं चाहते थे कि मुख्यमंत्री का जवाब ढंग से हो।

बेढम ने कहा कि कुछ दिन पहले मीडिया में मंत्री किरोड़ी लाल का बयान सामने आया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि उनका मोबाइल फोन सर्विलांस पर रखा गया। विपक्ष ने इस बिंदु पर सरकार को स्थिति स्पष्ट करने की मांग की थी। जबकि किरोड़ी मीणा इस बात का सार्वजनिक रूप से खंडन कर चुके हैं। मंत्री ने सदन को आश्वस्त किया कि सरकार ने किरोड़ी लाल का फोन इंटरसेप्ट नहीं किया है।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा, आपके जवाब से हम संतुष्ट हैं। आपके कैबिनेट मंत्री ने आप पर आरोप लगाया और आप कह रहे हैं फोन टैप नहीं करवाया जा रहा। अब आप उन पर कार्रवाई करेंगे या नहीं।

जूली ने आगे कहा कि दो बातें नहीं हो सकतीं। वो कह रहे हैं कि फोन टैप हो रहा है। आपके प्रदेशाध्यक्ष ने उनको नोटिस दिया है। उन्होंने (किरोड़ी ने) नोटिस के जवाब में में यह नहीं कहा कि उन्होंने गलत कहा है। उन्होंने यह कहा है कि उन्हें यह बातें सार्वजनिक स्तर पर नहीं करनी चाहिए थीं।

जूली ने कहा कि- गृह राज्य मंत्री मीडिया में जवाब देते हैं कि फोन टैप नहीं करवा रहे हैं, लेकिन उन्होंने आज से

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## विचार बिन्दु

अधिकार जताने से अधिकार सिद्ध नहीं होता। –टैगोर

# क्यों न दोषी सांसदों और विधायकों पर, चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध हो?

धर्म की परिभाषा और व्याख्या करना सरल नहीं है, किन्तु असंभव नहीं है, हाँ हम कह सकते हैं जटिल अवश्य है। 'ए साइकोलोजिकल स्टडी ऑफ रिलीजन' नामक पुस्तक में धर्म की 48 परिभाषायें दी हैं। जैनों ने वस्तु के स्वभाव को धर्म कहा है। हिन्दू धर्म में धर्म को आचरण के साथ जोड़ा है। सभी धर्म मानते हैं, धर्म का आधार नीति (मोरेलिटी) है। ईसाई धर्म में आस्था व विश्वास को धर्म का आधार माना है। प्राय: धर्मों में शुद्धता व सत्यनिष्ठा पर बल दिया। यहूदी धर्म मानवता वादी है। सभी धर्मों ने सदाचार के बिना धर्म को प्राण रहित कहा है। आचार व धर्म एक वस्तु है, किन्तु सम्प्रदाय भिन्न। भारत धर्म निरपेक्ष देश है। अयोध्या मे जन्में राम भगवान के रूप में पूज्यनीय हैं, क्योंकि वे सदाचारी थे आचरण की शुद्धता के प्रतीक थे। आचरण की शुद्धता व पवित्रता हमारी संस्कृति का मूल मंत्र है। भारत ने कभी भी आचरणहीन शासक को स्वीकार नहीं किया है। भारत की यह संस्कृति आज कहीं खो गई है। देश में प्रत्येक क्षेत्र में भ्रष्टाचार है। अत: प्रश्न है क्यों न दोषी सांसदों और विधायकों पर चुनाव लडने पर प्रतिबंध हो?

भ्रष्टाचार का जहर एक नासूर के रूप में समाज को खोखला करता जा रहा है। संसार के भ्रष्टाचारी देशों में भारत का स्थान 94वां है। लोक सेवकों के भ्रष्टाचार पूर्ण कृत्यों के कारण देश की संसद को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 लाना पडा। विश्व परेशान है 9 दिसम्बर को अन्तर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निवारण दिवस मानाया जाता है। भ्रष्टाचारियों ने हमारे भोजन को ही अखाद्य बना दिया है। कहते हैं देश में जहर भी शुद्ध नहीं मिलता। भ्रष्ट आचरण को रोकने के विचार से देश में भ्रष्टाचार निवारण कानून है। फूड अडल्ट्रेशन कानून है। केन्द्र सरकार द्वारा देश में भ्रष्टाचार की गतिविधियों को रोकने के लिये 1988 में कानून बनाया और 2018 में उसमें संशोधन किया। इसके तहत रिश्वत देने व लेने के वाले को दण्डित करने का प्रावधान है। इसमें 7 वर्ष की सजा व जुर्माने का प्रावधान है। सभी गतिविधियों में भ्रष्टाचार व्याप्त है। चुनावों में धांधली में वर्षों से देखते आ रहे हैं। गुण्डे सजा काटने वाले चुनाव में खड़े होते हैं और जीत कर हमारे लिये कानून बनाते हैं। धर्म के नाम पर अधर्म को बढ़ावा मिल रहा है। भ्रष्टाचार, रिश्वत, चुनावों में धांधली, ब्लेकमेल करना, साईबर क्राईम, टेक्स चोरी, झूठी गवाही, झूठा मुकदमा, परीक्षाओं में नकल, पर्चा आउट होना, मौत की सजा के बाद भी बलात्कार के केस बढ़ते जा रहे हैं, कानूनी अधिकार को प्राप्त करने के लिये भी भ्रष्टाचारियों की शरण में जाना होता है। कार्यपालिका में जो भ्रष्टाचार है ही किन्तु संसद व न्यायपालिका भी अछूती नहीं हैं इसके प्रमाण मिलते हैं। प्रतिष्ठा और सम्मान के पद भी बिकाऊ हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ने कुछ दिन पूर्व ही कहा था कि विदेशों में कान्ट्रेक्ट प्राप्त करने के हेतु रिश्वत देनी पड़े तो भी देकर संविदा प्राप्त करो। हद तो यह हो गई है कि आरोग्य रहने के लिये ली जाने वाली दवायें भी नकली मिल रही हैं। जहर खा रहे हैं, विष पी रहे हैं। राज्य जो वेलफेयर (कल्याणकारी) स्टेट हैं वे संविधान के विरूद्ध शराब की आय से शासन चला रहे हैं जबकि सर्वोच्च न्यायालय ने इसका निषेध किया है।

सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के न्यायाधीश परेशान हैं कि भ्रष्टाचार को कैसे समाप्त किया जावे। संसद भी अपनी विवशतों के मध्य परेशान है कि भ्रष्टाचार से कैसे जनता को मुक्ति दिलाई जावे। देश का दुर्भाग्य है कि देश की संसद व राज्य की विधान सभायें, आजादी के 75 वर्ष होने पर भी ऐसे सदस्यों से बनी हुई हैं, जहां ऐसे व्यक्ति चुनकर आ सकते हैं जो क्रिमिनल आचरण के हैं और जिनमें कानून बनाने की योग्यता की शिक्षा का अभाव है। देश की पंचायतों के लिये चुनाव लडने की योग्यता तो निर्धारित है, किन्तु संसद व विधानसभा में कोई भी व्यक्ति धनबल से चुनकर आ सकता है।

यहाँ यह लिखना उचित होगा कि वर्ष 2024 में निर्वाचित 543 सांसदों में से 251 अर्थात् 46 प्रतिशत के खिलाफ आपराधिक मामले थे और 171 के ऊपर यानी 31 प्रतिशत पर बलात्कार, हत्या, हत्या का प्रयास और अपहरण के आरोप थे।

दोषी नेताओं के चुनाव लड़ने का विषय गम्भीर है और इस संबंध में शीघ्र ही कोई सख्त कदम उठाने का यही सही समय भी है।

आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों पर राजनीति में भाग लेने पर रोक यानी प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुये याचिकायें प्रस्तुत हुई हैं। एक याचिका अश्विनी उपाध्याय सीनियर एडवोकेट ने प्रस्तुत की है। याचिकाकर्त्ता की ओर से याचिका में यह स्पष्ट रूप से उठाया गया है कि चुनाव में खडे होने वाले राजनीतिक दलों को यह बताना होगा कि वे स्वच्छ छवि वाले लोगों को क्यों नहीं खड़ा कर सकते। खडे होने वाले व्यक्ति के बाबत केवल यह कहा जाता है कि आरोपी एक सामाजिक कार्य कर्त्ता है, उसके विरूद्ध झूठे केस दर्ज कराये गये हैं। याचिका में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 का उल्लेख किया गया है, जिसमें सजा की मियाद के आधार पर अयोग्यता का निर्धारण है। उक्त अधिनियम की धारा 8(3) में बतलाया है कि यदि किसी व्यक्ति को किसी अपराध का दोषी पाया जाता है और दो वर्ष या इससे अधिक के कारावास की सजा की सजा न्यायालय ने दी है तो उस व्यक्ति की कारावास की अवधि के दौरान और रिहाई के बाद छ: साल तक चुनाव लडने के लिये अयोग्य होगा। उक्त अधिनियम की धारा 3(1) में विशिष्ट अपराधों के हेतु अयोग्यता का निर्धारण किया गया है, जिनकी वजह से सजा की अवधि व रिहाई के छ: वर्ष बाद तत्काल अयोग्यता होती है। इन अपराधों में बलात्कार, अन्य जघन्य अपराध, अस्पृश्यता, आतंकवाद और भ्रष्टाचार से संबंधित अपराध हैं। धारा 11 में निर्वाचन आयोग को दोषी व्यक्ति की अयोग्यता अवधि को समाप्त करने या कम करने का अधिकार है। कानून में अस्पष्टता है दोषी व्यक्ति अपरिभाषित है। छ: वर्ष की अवधि के बाद दोषी व्यक्ति पाक कैसे हो जाता है समझना कठिन है। कानून अनुच्छेद 14, 19, 21 का उल्लंघन करता है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 में निम्नलिखित कानून आते हैं:-

1) धारा 153A, धारा 171E, धारा 171Z, धारा 376A (पूर्व आईपीसी)
2) नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम 1959

**कोर्ट ने कहा कि ''एक सरकारी कर्मचारी जैसा कि क्लास 4 कर्मचारी एक बार हत्या या बलात्कार जैसे गम्भीर अपराधों में दोषी साबित हो जाये तो वह अपनी नौकरी वापिस नहीं पा सकता, किन्तु एक सांसद/विधायक एक बार फिर सांसद या विधायक बन सकता है और मंत्री भी बन जाता है।''**

3) सीमा शुल्क अधिनियम
4) गैर कानूनी गतिविधियों (रोकथाम) अधिनियम, 1967
5) विदेशी मुद्रा (विनियमन) अधिनियम, 1973
6) आतंकवादी और विघटनकारी कार्यकलाप (निवारण) अधिनियम, 1987
7) पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991
8) राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम 1971
9) सती आयोग निवाण अधिनियम, 1987
10) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 आदि

उपरोक्त पिटीशन पर 4 मार्च 2025 को माननीय सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करेगा। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के हेतु केन्द्र सरकार व चुनाव आयोग को नोटिस जारी किये हैं और जवाब मांगा है। इस मामले की सुनवाई तीन न्यायाधीशों की खण्डपीठ करेगी। नोटिस देने से पूर्व सुनवाई करते समय सुप्रीम कोर्ट की खण्डपीठ ने जो टिप्पणी की वह गम्भीर भी है और यर्थाथवादी भी। कोर्ट ने कहा कि ''एक सरकारी कर्मचारी जैसा कि क्लास 4 कर्मचारी एक बार हत्या या बलात्कार जैसे गम्भीर अपराधों में दोषी साबित हो जाये तो वह अपनी नौकरी वापिस नहीं पा सकता, किन्तु एक सांसद/विधायक एक बार फिर सांसद या विधायक बन सकता है और मंत्री भी बन जाता है।''

पिटीशन में जो रिलीफ मांगी है, उसे देखते हुये धारा 8 जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की विवेचना होना आवश्यक है। ऐसे लोगों पर आजीवन प्रतिबंध लगना ही चाहिये। प्रश्न है आचरणहीन व्यक्ति कैसे शासक हो सकता है। जनता की यह मांग है कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 बहुत पुराना हो चुका है, इसमें संशोधन की आवश्यकता है।

संविधान के अनुच्छेद 45 में जो संविधान लागू होने के समय था, राज्य से यह अपेक्षा की थी कि संविधान लागू होने से 10 वर्ष की अवधि में 14 वर्ष के बालकों को नि:शुल्क व अनिवार्य शिक्षा दी जावेगी अर्थात् 10 वर्ष के अन्दर देश के सभी बच्चे 8वीं क्लास पास कर लेंगे, किन्तु ऐसा नहीं हुआ जबकि यह प्रावधान सनसेट लॉज के अनुसार था। आज भी हमारे देश के कई सांसद व विधायक 8वीं तक शिक्षा प्राप्त नहीं कर सके हैं। माननीय सुप्रीम कोर्ट स्पष्ट कर चुकी है कि संसद में जो कानून बनते हैं वे दोषपूर्ण रहते हैं। अत: कानून में संशोधन की आवश्यकता है कि बीए तक की शिक्षा की अनिवार्यता की जावे। इसी प्रकार संविधान के अनुच्छेद 51क में नागरिकों के मूल कर्त्तव्य दिये हैं, उनकी पालना यदि कोई नागरिक नहीं कर रहा है तो उसे चुनाव लडने से Disqualify किया जावे। देश में प्रतिदिन किसी न किसी रूप में चुनाव हो रहे हैं, सार्वजनिक सम्पत्ति तोडी/जलाई जाती है रेल लाईनें उखाडी जाती है। यात्रा में अवरोध पैदा किया जाता है। हाँ, यदि मूल कर्त्तव्य की पालना को क्वालिफिकेशन में जोड दिया जावे तो देश में शान्ति व अहिंसक आन्दोलन तो होते रहेंगे किन्तु हिंसक नहीं। मूल कर्त्तव्य में यह कहा गया है कि देश के नागरिक का कर्त्तव्य होगा कि वे हिंसा से दूर रहे, सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करे और प्राणी मात्र के प्रति करूणा का भाव रखे।

समय-समय पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने बहुत अच्छे निदेर्श दिये हैं। कोर्ट ने दिनांक 25.09.2018 को निर्देश देते हुये यह माना था कि मतदाता को उम्मीदवार की आपराधिक पृष्ठभूमि जानना मतदाता का अधिकार है। किन्तु यह निर्देश नहीं दिया कि दोषी व्यक्ति को चुनाव लडने का अधिकार नहीं है। सम्भवत: इसीलिये कि संसद कानून बना देगी किन्तु ऐसा नहीं हुआ।

जब सर्वोच्च न्यायालय ने अपने निर्णयों में तथा दिनांक 29.09.2018 के निर्णय में यह स्पष्ट कर दिया कि चुनाव की पारदर्शिता के हेतु चरित्रवान व शिक्षित सांसद होने चाहिये। संसद को कानून बनाना चाहिये तो क्यों नहीं उपरोक्त विषय के संबंध में विस्तृत तथा सार्थक कानून बनाकर सख्ती से लागू किया जावे।

संविधान का अनुच्छेद 324 के द्वारा चुनाव आयोग को बहुत व्यापक अधिकार दिये हैं। उसे प्रशासनिक अधिकार तो हैं ही साथ ही उसे विधायिका व न्यायपालिका के भी अधिकार है। माननीय सुप्रीम कोर्ट को केवल चुनाव आयोग को उसकी अपार व व्यापक शक्तियों की पहिचान करानी है। हनुमान में कितनी शक्ति थी, इसका ज्ञान जामवन्त ने हनुमान को कराया था और राम ने लंका को जीता था।

कुछ दिन पूर्व (14.02.2025 को) पूर्व न्यायाधीश प्रवीर भटनागर ने समरावता हिंसा मामले में देवली उनियारा विधानसभा उप चुनाव में निर्दलीय प्रतयाशी रहे नरेश मीणा की जमानत याचिका खारिज करते हुये नरेश मीणा के मामले में यह आदेश दिया था कि 'अपराध में शामिल उस जैसे राजनीतिक व्यक्ति को जमानत के लाभ से वंचित करना ही न्याय होगा।' माननीय हाईकोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि अपराधी नेताओं का सभ्य समाज में कोई स्थान नहीं है और नरेश मीणा को राहत नहीं दी, क्योंकि आरोप था कि उसने लोगों को हिंसा के लिये उकसाया था।

समय आ चुका है दोषी नेताओं को चुनाव में लड़ने से आजीवन प्रतिबंधित किया जावे तथा एक नया व्यवहारिक, सार्थक तथा जनता को द्रुतगति से न्याय देने वाला कानून बनाया जावे।

सत्यमेव जयते!

**-अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# संघर्ष समिति की बैठक में 28 फरवरी को शाहपुरा बंद रखने का निर्णय लिया

**शाहपुरा ।** धरना स्थल पर दोपहर जिला बचाओ संघर्ष समिति शाहपुरा के सदस्यों की समीक्षा बैठक के संयोजक राम प्रसाद जाट की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक का संचालन महासचिव कमलेश मुंडेतिया ने किया और बताया कि 28 फरवरी को शाहपुरा जिला निरस्त करने पर संपूर्ण शाहपुरा बंद रख विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। शाहपुर जिले की बहाली तक आंदोलन जारी रहेगा। संयोजक रामप्रसाद जाट ने बताया कि संघर्ष समिति का विस्तार कर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सदस्य बनाया गया। 28 फरवरी ब्लैक डे पर संपूर्ण शाहपुरा बांद्रा के आम सभा की जाएगी जिसकी जिम्मेदारी सदस्यों को दी गई और आंदोलन को तेज करने की रूपरेखा तय कर रणनीति बनाई गई इस अवसर पर संघर्ष समिति के सदस्य नरेश बूलिया रामेश्वर सोलंकी रामेश्वर लाल धाकड सूर्य प्रकाश ओझा संजय गॉड डॉ इसाक मोहम्मद अविनाश शर्मा हाजी उस्मान मोहम्मद छिपा अभिषेक सोनी धनराज जीनगर सत्यनारायण पाठक ताजुद्दीन उस्ता प्रवीण पारीक रामस्वरूप टेपन उदय लाल बेरवा विजय ट्रेलर रवि शंकर उपाध्याय ओम प्रकाश सिंधी महावीर प्रसाद मीणा मदन सर्वा महावीर बैरवा सुगन बोहरा शंकर लाल खटीक प्रभु लाल धोबी परमेश्वर धोबी किशन लाल खारोल वेद प्रकाश धाकड सहित कई लोगों ने अपने विचार रखें ।



शाहपुरा जिला निरस्त करने के विरोध में चल रहा धरना पचासवें दिन भी जारी रहा।

**आंदोलन 50 वें दिन भी अनवरत जारी :** जिला बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा उपखंड कार्यालय शाहपुरा के बाहर क्रमिक अनशन धरने पर नवयुवक मंडल शाहपुरा के सदस्य नारेबाजी करते हुए धरना स्थल पर पहुंचकर शाहपुरा जिले को समाप्त करने के विरोध में प्रदर्शन किया और सरकार से शाहपुरा को वापस जिले का दर्जा देने की मांग की । नवयुवक मंडल शाहपुरा के सदस्य पवन कुमार कुलदीप विनोद गर्ग कमल सिंह सोलंकी महेंद्र आरटिया साहिल शेख पंकज प्रजापत महावीर नाथ बंशीलाल कहार दीपक कुमार कोली सहित कई सदस्य कर्मिक अनशन धरने पर बैठे और उपखंड अधिकारी को राज्यपाल के नाम शाहपुरा जिला बहाल करने का ज्ञापन दिया। नवयुवक मंडल शाहपुरा के सदस्यो का जिला बचाओ संघर्ष समिति संयोजक रामप्रसाद जाट राजोरा महासचिव कमलेश मुंडेतिया रामेश्वर सोलंकी उदय लाल बेरवा नरेश बूलिया सूर्य प्रकाश ओझा रामस्वरूप टेपन शंकर लाल खटीक संदीप जीनगर प्रवीण कुमार पारीक अजय मेहता हाजी उस्मान मोहम्मद छिपा सत्यनारायण पाठक डॉ इसाक मोहम्मद एवं अधिवक्ता गोविंद सिंह हाडा कल्याण मल धाकड नमन ओझा आशीष भारद्वाज ने माला पहना कर स्वागत किया और अपने विचार रखें । शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति महासचिव कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि कल 21 फरवरी को श्री वर्धमान जैन स्थानकवासी जैन श्रावक संघ शाहपुरा के समाजजन हेमंत कोठारी के नेतृत्व में रैली निकालकर क्रमिक अनशन धरने पर बैठेंगे।

# हस्त शिल्प मेले में कवि सम्मेलन ने मन मोहा

**भरतपुर** (निस)। जिला प्रशासन, उद्योग व वाणिज्य विभाग, लद्यु उद्योग भारती महिला ईकाई के द्वारा हाट कम्पनी बाग में चल रहे ब्रज उद्योग-हस्तशिल्प एवं स्वयं सिद्वा मेला में भरतपुर चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ।

जिसमें कवि-कवित्रियों ने ओजस्वी, हास्य, करूणा, वीर रस में काव्य पाठ किया किया और हास्य चुटकुले, देशभक्ति, सामाजिक व होली के गीत सुना का श्रोताओं को भावविभोर कर उनका मन मोहा लिया तथा फाल्गुन के रसीया व गीत पर श्रोताओं को लोटपोट कर वाही-वाही हासिल की। कवि सम्मेलन की शुरूआत गणेश पूजन एवं मां सरस्वती वंदना से हुई। जिसकें मुख्य अतिथि भरतपुर चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के अध्यक्ष कृष्ण मुरारी अठावाल एवं विशिष्ठ अतिथि जिला अठावाल महासभा के जिलाध्यक्ष व चैम्बर ऑफ कॉमर्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अतुल मित्तल सीए, सचिव राहुल बंसल, उपाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, लद्यु उद्योग भारती के चेयरमैन संजय चौधरी, महिला इकाई अध्यक्ष कविता गोयल, कोषाध्यक्ष सोनल गुप्ता, सचिव हरप्रीत कौर, उद्योगपति विष्णु गुप्ता सांतरूक वाले, महिला उद्योगपति मीरा गोयल, ओपन फिल्डस स्कूल के डायरेक्टर विभा गर्ग रहे।



भरतपुर के हाट कम्पनी बाग में चल रहे ब्रज उद्योग-हस्तशिल्प मेले में कवियों ने अपनी कविताएं प्रस्तुत की।

जबकि अध्यक्षता उद्योग विभाग के महाप्रबन्धक चन्द्रमोहन गुप्ता ने की। कवि सम्मेलन में भरतपुर के सोमदत्त व्यास, धौलपुर के राजवीर सिंह क्रान्ति, हाथरस के सबरस मुरसानी, दिल्ली की कवित्री मीनाक्षी ठाकुर, आगरा की निभा चौधरी, आयुशा तिवारी, पूरन शर्मा, बाबू लाल डीगिया आदि ने काव्य पाठ, गीत, चुटकुले व फाल्गुन के गीत आदि की प्रस्तुतियां दी। भरतपुर चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के सचिव राहुल बंसल ने बताया कि भरतपुर स्थित जिला प्रशासन, उद्योग व वाणिज्य विभाग, लद्यु उद्योग भारती महिला ईकाई के द्वारा 17 फरवरी से चल रहे ब्रज उद्योग-हस्तषिल्प एवं स्वयंसिद्धा मेला में भरतपुर चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के द्वारा कवि सम्मेलन कराया गया।

जिसमें भरतपुर शहर सहित जिले के ग्रामीण अंचल से भारी सख्यां में लोग कवि सम्मेलन सुनने आए। उद्योग विभाग के महाप्रबन्धक चन्द्रमोहन गुप्ता ने बताया कि 17 से 23 फरवरी तक ग्रामीण हाट कम्पनी बाग पर ब्रज उद्योग-हस्तषिल्प एवं स्वयंसिद्वा मेला लग रहा है। जिसमें देश के कई राज्यों सहित भरतपुर, डीग, धौलपुर, अलवर आदि जिले के लद्यु उद्योग ईकाई, खादी, महिला स्वयं सहायता समूह आदि द्वारा स्वदेषी सामान निर्माण की दुकाने लगी हुई।

## रूपनगढ़ को बजट में कुछ नहीं मिला

**रूपनगढ ।** आम बजट 2025 को को लेकर रूपनगढ के ऐतिहासिक कस्बे में कई कयास लगाए जा रहे थे कई मांगे कस्बे की थी लेकिन एक भी मांग कस्बे की पूरी नही हुई जिससे जनता काफि नाराज सी नजर आ रही है गौरतलब है कि आम बजट आने से पहले स्थानीय नेता कह रहे थे कि रूपनगढ़ को पंचायत समिति ,नगर पालिका का दर्जा मिलेगा व अग्निशमन केंद्र भी बनेगा कस्बे के अस्पताल को जिला लेबल का अस्पताल घोषित किया जाएगा लेकिन कुछ भी नही हुआ, विडंबना है कि स्थानीय विधायक सुरेश सिंह रावत जो कि अभी जल संसाधन मंत्री भी है इनके होते हुए भी कस्बे को कुछ नही मिला व कस्बे का विकास नही हुआ। आज भी ऐतिहासिक कस्बा अस्पताल की गभीर समस्या से जुझ रहा है कई ऐसी मागे है जो कि कस्बे के लिए जरूरी है लेकिन इस कस्बे की कोई सुनने वाला कोई नही है । रही बात कृषि मंडी की व तो पूर्वोत्तर काठोस राज में ही हो गई थी जिसकी 40 बीघा जमीन भी अलॉट हो गई जिसका काम आज तकचालू नही हुआ किअगर इस 2025-2026,के बजट में रूपनगढ चिकित्सालय को 30 बेड या इससे ज्यादा का करके जिला लेबल का कर देते तो आज रूपनगढ कस्बे के 44 गाँव को चिकित्सा सुविधा और ज्यादा बहतर हो जाती ।


# जिला कलक्टर ने केवलादेव घना पक्षी विहार में किया ई-बाइकिंग सुविधा का शुभारंभ

**भरतपुर** (निस)। प्रदेश में दीर्घकालीन सतत विकास सुनिश्चित करने, विकास योजनाओं में ग्रीन ग्रोथ के सिद्धांत का समावेश करने तथा पर्यावरण संरक्षण के साथ ही प्रदेश को हरित राजस्थान बनाने के उद्देश्य से वर्ष 2025-26 में पेश के लिए गए पहले ग्रीन बजट की जिले में क्रियान्विती शुरू हो गई है। प्रदेश के पहले ग्रीन बजट की क्रियान्विती की कडी में गुरूवार को जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने देशी विदेशी सैलानियों के लिए भरतपुर के केवलादेव घना पक्षी विहार में ई-बाइकिंग और ई-साइकलिंग सुविधा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने कहा कि राज्य सरकार की मंशानुरूप ई-बाइकिंग और ई-साईकलिंग शुरूआत की गई है। राज्य बजट में भरतपुर को क्लीन एण्ड ग्रीन इको सिटी में शामिल किया गया है। इसी कडी में यह सुविधा शुरू की गई है। इससे यहाँ आने वाले देशी विदेशी सैलानियों को भ्रमण में सुविधा मिलेगी। इस दौरान आयुक्त बीडीए प्रतीक जुईकर, डीएफओ मानस सिंह, उपखण्ड अधिकारी राजीव शर्मा, प्रशिक्षु आईएएस राहुल श्रीवास्तव, अंशुमान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।


भरतपुर में कलक्टर डॉ. अमित यादव ने ई-साइकलिंग की शुरुआत की।

■ **प्रदेश के पहले ग्रीन बजट के क्रियान्वयन की दिशा में भरतपुर जिले ने बढ़ाया कदम**

## राशिफल शुक्रवार 21 फरवरी, 2025


पंडित अनिल शर्मा

फाल्गुन मास, कृष्ण पक्ष, अष्टमी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2081, अनुराधा नक्षत्र दिन 3:54 तक, व्याघात योग दिन 11:59 तक, कौलव करण दिन 11:58 तक, चन्द्रमा आज वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कुम्भ, चन्द्रमा-वृश्चिक, मंगल-मिथुन, बुध-कुम्भ, गुरू-वृष, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग दिन 3:54 तक है। आज जानकी जयन्ती है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 8:27 तक, लाभ-अमृत 8:27 से 11:16 तक, शुभ 12:40 से 2:05 तक, चर 4:54 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 7:02, सूर्यास्त 6:19

**मेष**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी।

**वृष**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मिथुन**
आर्थिक मामलों से संबंधित विवादों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी।

**कर्क**
व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। आज महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**सिंह**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। पारिवारिक कार्यों से संबंधित तनाव बना रहेगा। अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है।

**कन्या**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। घर-परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**धनु**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**मीन**
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी। शर्मा मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने दिल्ली गए थे। समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुख्य अतिथि थे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल ईंजन सरकार दिल्ली के विकास को नई दिशा और गति प्रदान करेगी। समारोह में शामिल हुईं दीया कुमारी ने कहा, भाजपा सरकार दिल्ली में सुशासन के नए मानक स्थापित करेगी, दिल्ली को स्वच्छ व सुंदर बनाएगी।*

# दिल्ली में नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता व 6 मंत्रियों ने शपथ ली

## शपथ ग्रहण के बाद मंत्रियों में विभागों का बंटवारा किया गया

- **शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री शाह, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा सहित कई वरिष्ठ केन्द्रीय मंत्री मौजूद थे।**
- **विभिन्न भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री व एन.डी.ए. घटक दलों के नेता भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।**

नयी दिल्ली, 20 फरवरी। छात्र राजनीति से मुख्य धारा की राजनीति में आयीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पुरानी कार्यकर्ता रेखा गुप्ता के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सरकार की बागडोर संभाली। दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित भव्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के शीर्ष नेताओं की उपस्थिति में उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने गुप्ता और उनके सहयोगी मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। गुप्ता शालीमार बाग से भाजपा की विधायक चुनी गयी हैं।

गुप्ता के बाद क्रमश: नयी दिल्ली विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को हराकर विधायक बने प्रवेश साहिब सिंह ने मंत्री पद की शपथ ली। इसके बाद आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह ने मंत्री पद की शपथ ली।

रामलीला मैदान में तीन मंच सजे थे। बांये मंच पर विभिन्न धर्मों के धर्म गुरु और कई प्रमुख संत विराजमान थे। बीच के मंच पर मुख्यमंत्री और मंत्रियों को शपथ दिलाने की व्यवस्था की गयी थी और इस मंच पर प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ मोदी मंत्रिमंडल में शामिल अन्य मंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ये तीसरे नं. पर भाजपा और राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री उपस्थित थे।

शपथ ग्रहण समारोह की शुरुआत राष्ट्र गान से हुयी। इसके बाद दिल्ली के मुख्य सचिव धर्मेन्द्र कुमार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय की अधिसूचना को पढ़ा, जिसमें रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री और अन्य छह विधायकों को मुख्यमंत्री नियुक्त करने की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की ओर से अनुमति दी गयी थी।

मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर गुप्ता को मुख्यमंत्री बनने पर बधाई देते हुए लिखा, दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर रेखा गुप्ता जी को बधाई। वे जमीनी स्तर से उठकर आई हैं, कैंपस राजनीति, प्रदेश संगठन, नगर निगम प्रशासन में सक्रिय रहीं और अब विधायक तथा मुख्यमंत्री भी हैं। मुझे विश्वास है कि वे पूरी ताकत से दिल्ली के विकास के लिए काम करेंगी। उन्हें सफल कार्यकाल के लिए मेरी शुभकामनाएं।

शपथ ग्रहण के बाद मुख्यमंत्री व उनके 6 मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा हो गया।

मुख्य मंत्री रेखा गुप्ता ने सामान्य प्रशासन, सेवाएं, वित्त, राजस्व, महिला एवं बाल कल्याण, भूमि एवं भवन, जनसंपर्क, सतर्कता एवं प्रशासनिक सुधार विभाग अपने पास रखे हैं।

प्रवेश वर्मा को लोक निर्माण विभाग, विधायी मामले, गुरुद्वारा चुनाव, सिंचाई, बाढ़ नियंत्रण, जल, जैसे अहम मंत्रालयों की जिम्मेदारी दी गई। आशीष सूद को गृह, बिजली, शहरी विकास, शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, प्रशिक्षण विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। मनजिंदर सिंह सिरसा उद्योग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, वन एवं पर्यावरण और प्लानिंग डिपार्टमेंट की जिम्मेदारी दी गई है। रविंद्र सिंह इंद्राज समाज कल्याण, एससी और एसटी कल्याण, सहकारिता विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे।

कपिल मिश्रा को कानून एवं न्याय, श्रम एवं रोजगार, डवलपमेंट, कला एवं संस्कृति, भाषा और पर्यटन विभाग की जिम्मेदारी मिली। डॉ. पंकज कुमार सिंह- स्वास्थ्य, परिवहन, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की जिम्मेदारी मिली है। पंकज सिंह खुद पेशे से डॉक्टर हैं।

दिल्ली सचिवालय स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में गुरुवार को सीएम रेखा गुप्ता ने पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मीडिया से बातचीत में कई बातों का जिक्र किया। उन्होंने कहा, आज से पहले यह सीएम कार्यालय मीडिया के लिए नहीं खुला था। आज से यह सभी के लिए खुला रहेगा। सभी का स्वागत है।

उन्होंने कहा कि आज शपथग्रहण समारोह के बाद हमने सचिवालय के मुख्यमंत्री कार्यालय में पदभार संभाल लिया है। शाम सात बजे कैबिनेट पहली बैठक बुलाई गई है। इससे पहले शाम पांच बजे यमुना घाट पर जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो मिशन विकसित दिल्ली का है, उसे पूरा करने के लिए लगातार काम किया जाएगा। एक भी दिन व्यर्थ नहीं होगा। एक-एक वादे पूरे किए जाएंगे।

सूत्रों के मुताबिक, नई सरकार में रोहिणी से चौथी बार जीते वरिष्ठ भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता को विधानसभा स्पीकर और मुस्तफाबाद से विधायक मोहन सिंह बिष्ट को डिप्टी स्पीकर बनाया जा सकता है।

## ऑनलाइन अश्लील कंटैंट व सोशल मीडिया पर निगरानी के लिए बिल लाएगी सरकार

नई दिल्ली, 20 फरवरी। रणवीर अलाहबादिया पर आरोप है कि उन्होंने समय रैना के शो "इंडियाज़ गॉट टैलेंट" में पेरेंट्स पर अश्लील कमेंट किए थे। इसे लेकर देश में अलग-अलग जगहों पर एफआईआर हुए और मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा गया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने केंद्र सरकार से यूट्यूब और सोशल मीडिया पर फैल रही अश्लील सामग्री को लेकर जवाब मांगा है। सरकार ने प्रस्तावित डिजिटल इंडिया बिल पर काम को तेज कर दिया है।

सोशल मीडिया पर अश्लीलता रोकने के लिए केंद्र सरकार मौजूदा आईटी एक्ट की जगह डिजिटल इंडिया बिल लाने पर काम कर रही है। इस नए कानून में यूट्यूबर, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और सोशल मीडिया यूजर्स को रेगुलेट करने के प्रावधान रहेंगे। ज्ञातव्य है कि इस बिल पर केंद्र करीब 15 महीने से काम कर रहा है।

- **रणवीर अलाहबादिया के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया और ऑनलाइन अश्लील कंटैंट नियंत्रित करने के बारे में सरकार से जवाब मांगा है।**

रणवीर अलाहबादिया के केस के चलते सरकार डिजिटल इंडिया बिल की ओर वापसी कर रही है।

# दिल्ली में भाजपा ने बुलाई एनडीए की बैठक

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह ने बैठक में सहयोगी दलों के साथ भावी रणनीति पर चर्चा की

- **मीटिंग में तेलुगदेशम के मुखिया व आंध्र के मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नायडू, जद (यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा व केन्द्रीय मंत्री लल्लन सिंह शामिल हुए।**
- **मीटिंग में भाजपा के वरिष्ठ मंत्रियों के अलावा भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल हुए जिनमें राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रमुख थे।**

नयी दिल्ली, 20 फरवरी। राष्ट्रीय राजधानी में भाजपा सरकार के गठन के साथ ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को शक्ति प्रदर्शन किया और इस कड़ी में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के नेताओं के लिए भोज का आयोजन किया गया, जिसमें शासन की रणनीतियों, नीति समन्वय और राजग शासित राज्यों में आगामी चुनावों की तैयारियों को लेकर चर्चा की गयी।

इंपीरियल होटल में आयोजित इस भोज में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा समेत तमाम दिग्गज नेता शामिल हुए।इस बैठक को आगामी राजनीतिक रणनीतियों के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

भाजपा इससे पहले भी सरकारों के गठन के मौके पर शक्ति प्रदर्शन करती रही है। हरियाणा और महाराष्ट्र में हुए शपथ ग्रहण समारोहों में भी राजग के तमाम नेता जुटे थे। अब दिल्ली में भी इसी तरह का राजनीतिक संदेश देने के लिए यह हाई-प्रोफाइल मीटिंग रखी गयी जिसमें राजग के प्रमुख नेता शामिल हुए। बैठक में अमित शाह, जे.पी. नड्डा, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस, बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत इस बैठक में शामिल हुए।

घटक दलों ने भी मीटिंग में भाग लिया। तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के नेता एवं आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू भी बैठक में शामिल हुए। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) से राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने भी बैठक का शिरकत की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस भोज में शामिल होने वाले राजग के नेताओं ने शासन की रणनीतियों, नीति समन्वय और राजग शासित राज्यों में आगामी चुनावों की तैयारियों को लेकर चर्चा की।

## सेना के लिए 1868 रफ टैरेन ट्रक खरीद को मंजूरी

नयी दिल्ली, 20 फरवरी। रक्षा मंत्रालय ने सेना, वायुसेना और नौसेना के लिए 697.35 करोड़ रुपये की लागत से 1868 रफ टैरेन फोर्क लिफ्ट ट्रक की खरीद के लिए एसीई लिमिटेड और जेसीबी इंडिया लिमिटेड के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने गुरूवार को बताया कि रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किये गये। रफ टैरेन फोर्क लिफ्ट ट्रक एक महत्वपूर्ण उपकरण है जिसका इस्तेमाल सेनाओं में भारी मात्रा में रसद व सैन्य सामानों को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने के लिए किया जाता है। इससे सेना, वायुसेना और नौसेना की परिचालन प्रभावशीलता बढ़ेगी। यह खरीद देश से ही होने के कारण इससे राष्ट्रीय रक्षा उपकरण विनिर्माण बढ़ेगा। इस परियोजना में घटकों के उत्पादन के माध्यम से एमएसएमई क्षेत्र को प्रोत्साहित करके प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार सृजन की अपार संभावनाएं हैं। यह खरीद भारत के रक्षा बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण और स्वदेशी उद्योगों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

- **इस पर 697.35 करोड़ रूपए की लागत आएगी।**

# नई दिल्ली रेल्वे स्टेशन के लिए रेल डिविजन ने नए नियम घोषित किए

- **8 से 16 नम्बर तक के प्लेटफॉर्म पर ट्रेन के आगमन के लिए आर.पी.एफ. से अनुमति लेनी होगी।**
- **नई दिल्ली रेल्वे स्टेशन पर 15 फरवरी को हुई भगदड़ के बाद यह फैसला लिया गया है।**

नई दिल्ली, 20 फरवरी। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर आठ से 16 तक किसी भी ट्रेन के आगमन से पहले अधिकारियों को अब आरपीएफ से परमिशन लेना होगा। दिल्ली रेल डिविजन ने गुरुवार को इस नए नियम की घोषणा की। यह फैसला 15 फरवरी को प्लेटफॉर्म संख्या 14 के पास सीढ़ी पर हुई भगदड़ जैसी घटना न हो सके, इसके लिए लिया गया है। आम तौर पर आठ से 16 तक के प्लेटफॉर्म पर प्रयागराज, पटना, कानपुर, लखनऊ, हावड़ा आदि पूर्वी क्षेत्रों से आने वाली या वहां से जाने वाली सभी ट्रेन ठहरती हैं तथा महाकुंभ के कारण इन सभी ट्रेन में यात्रियों की बहुत भीड़ होती है।

जानकारी के अनुसार, दिल्ली डिविजन की तरफ से 19 फरवरी को जारी किए गए एक सर्कुलर में स्टेशन अधिकारियों को एक नई प्रक्रिया का पालन करने का निर्देश दिया गया है, जिसके तहत आरपीएफ से मंजूरी मिलने के बाद ही ट्रेन को इच्छित प्लेटफॉर्म, यानी संख्या आठ से 16 पर ठहराया जाएगा। सर्कुलर के मुताबिक, स्टेशन अधिकारी पावर केबिन के आरपीएफ कर्मियों को ट्रेन के आगमन के बारे में 15 मिनट पहले सूचना देंगे और उन्हें उस प्लेटफॉर्म नंबर की भी जानकारी देंगे, जिस पर ट्रेन पहुंचने वाली है। आरपीएफ कर्मचारी स्टेशन और जिस प्लेटफॉर्म पर ट्रेन पहुंचने वाली है, वहां भीड़ की स्थिति के बारे में सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष और फुट ओवर ब्रिज/प्लेटफॉर्म पर तैनात आरपीएफ कर्मियों के साथ को-ऑर्डिनेट करेंगे, फिर, मंजूरी मिलने के बाद, पावर केबिन के आरपीएफ कर्मी इच्छित प्लेटफॉर्म पर विशेष ट्रेन को ठहराने/आगमन की मंजूरी देंगे।

## डॉ. किरोड़ी लाल मीणा का...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पहले सदन में जवाब नहीं दिया। जिसके चलते राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर नेता प्रतिपक्ष का संबोधन नहीं हो सका।

नेता प्रतिपक्ष की बात पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने आपत्ति जताई तो विपक्ष के सदस्य भी खड़े होकर बोलने लगे। दोनों पक्षों में नोक-झोंक के बीच स्पीकर वासुदेव देवनानी ने बीच-बचाव किया। इस बीच नेता प्रतिपक्ष ने एक मंत्री द्वारा सदन में तख्ती लेकर आने पर आपत्ति जताई तो फिर हंगामा होने लगा। नेता प्रतिपक्ष जूली ने कहा कि सरकार किरोड़ी लाल मीणा का इस्तीफा स्वीकार क्यों नहीं कर रही है, उन पर कार्रवाई होनी चाहिए।

## 'संगम के जल पर केन्द्र व राज्य सरकार के आंकड़े विरोधाभासी'

लखनऊ, 20 फरवरी। महाकुंभ के दौरान संगम के जल में प्रदूषण की मात्रा पर समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को कहा कि उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड संगम के जल को लेकर आंकड़े अलग-अलग हैं।

- **सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा, अब देखना है कि क्या यूपी सरकार केन्द्र सरकार के संगम जल प्रदूषण के आंकड़े को स्वीकार करेगी या उसे सनातन विरोधी करार देगी।**

उन्होने कहा कि दिल्ली वालों के आंकड़े यूपी वाले नहीं स्वीकार कर रहे हैं। अब देखना है यूपी का नया डेटा दिल्ली स्वीकार करती है या नहीं। यूपी सरकार दिल्ली वालों के आंकड़ों को नहीं मान रही है।

अखिलेश ने कहा केन्द्र सरकार कह रही है कि संगम का पानी स्नान करने लायक नहीं है, तो मान कर चलें कि लखनऊ वाले दिल्ली वालों को सनातनी नहीं मानेंगे। अब क्या लखनऊ वाले कहेंगे कि दिल्ली वाले सनातनी नहीं है। मैं तो मांग करूंगा कि भाजपा के नेताओं के घर संगम का पानी टंकी भर कर पहुंचाया जाय।

# यूक्रेन युद्ध का "अन्त" क्या कोरिया...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

यूक्रेन की संप्रभुता से समझौता कर सकता है और पुतिन को भविष्य में आक्रामकता के लिए प्रोत्साहित कर सकता है। विदेश नीति विशेषज्ञों का कहना है कि कोरिया स्टाइल का "फ्रोज़न कान्फ्लिक्ट" यथार्थवादी परिणाम हो सकता है, क्योंकि इसमें दोनों पक्षों की तरफ से अधिक रियायतों की आवश्यकता नहीं होती। कोरिया शैली का "फ्रोज़न कॉन्फ्लिक्ट" एक लंबा सैन्य गतिरोध होता है, जहां बड़े पैमाने पर सक्रिय युद्ध समाप्त हो जाता है, लेकिन कोई औपचारिक शांति संधि नहीं होती है, जिससे स्थिति अनसुलझी रहती है और समय-समय पर तनाव पैदा होता रहता है। यह शब्द कोरिया युद्ध (1950-1953) के बाद की कोरिया प्रायद्वीप की स्थिति से लिया गया है। जहाँ, युद्धविराम से युद्ध की समप्ति हुई, लेकिन, किसी औपचारिक शांति संधि पर हस्ताक्षर नहीं हुए हैं। जिसका मतलब है कि उत्तर और दक्षिण कोरिया तकनीकी रूप से अब भी युद्धरत हैं।

इस तरह की स्थिति कैसी होगी? यह कुछ इस तरह हो सकती है।

प्रथम, यूक्रेन और रूस एक दीर्घकालिक युद्धविराम पर सहमत होते हैं, जिसमें रूसी-आधिकारिक क्षेत्रों और शेष यूक्रेन के बीच एक सशस्त्र सीमा होगी।

दूसरा, यूक्रेन अपनी संप्रभुता बनाए रखे लेकिन, अधिग्रहित क्षेत्रों पर प्रभावी नियंत्रण खो दे।

तीसरा, युद्ध आधिकारिक रूप से समाप्त नहीं हो, लेकिन शत्रुता रुक जाए, जिससे पुनर्निर्माण के प्रयास हो सकें।

चौथा, अमेरिकी सैन्य सहायता में कमी आ जाए, और मॉस्को और कीव के बीच कूटनीतिक चैनल खुल जाएं।

इनका वैश्विक प्रभाव यह होगा कि कोई बड़ा क्षेत्रीय समझौता किए बिना ट्रंप सक्रिय लड़ाई समाप्त करने का श्रेय ले सकते हैं। इसके अलावा अमेरिकी रक्षा खर्च में कमी आएगी, जिससे ट्रंप को घरेलू नीतियों पर ध्यान केंद्रित करने का अवसर मिलेगा, और पुतिन नाटो के साथ "फुल स्केल वॉर" से बचते हुए, यूक्रेन पर दबाव बनाए रखेंगे।

इस तरह के परिणाम का विपरीत पक्ष यह होगा कि यूक्रेन विभाजित रहेगा, दीर्घकालिक अस्थिरता बनी रहेगी, रूस जब चाहे संघर्ष को फिर से शुरू कर सकता है, और नाटो हाई अलर्ट पर रहेगा, क्योंकि भविष्य में रूस की आक्रामकता का खतरा बना रहेगा।

# हाईकोर्ट जज के खिलाफ लोकपाल की जांच पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई

- **सुप्रीम कोर्ट ने लोकपाल के इस आदेश को परेशान करने वाला बताया।**

नयी दिल्ली,20 फरवरी। उच्चतम न्यायालय ने लोकपाल के उस आदेश पर गुरुवार को रोक लगा दी जिसमें कहा गया है कि उच्च न्यायालय के मौजूदा न्यायाधीशों के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत के मामले की जांच उसके (लोकपाल) अधिकार क्षेत्र में आता है। न्यायमूर्ति बी आर गवई, सूर्य कांत और अभय एस ओका की पीठ ने रोक लगाते हुए लोकपाल के इस आदेश को बहुत ही परेशान करने वाला बताया और कहा कि वह इस संबंध में कानून बनाएगी, क्योंकि सभी न्यायाधीशों की नियुक्ति संविधान के तहत ही होती है। पीठ ने शिकायतकर्ता को शिकायत की विषय-वस्तु या न्यायाधीश का नाम उजागर न करने का भी आदेश दिया। शीर्ष अदालत ने इस मामले में केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया और कहा कि वह होली की छुट्टी के बाद इस पर विचार करेगी। उच्च न्यायालय के एक वर्तमान न्यायाधीश और एक अतिरिक्त न्यायाधीश के खिलाफ दायर भ्रष्टाचार की शिकायतों की जांच के लिए लोकपाल की ओर से भारत के मुख्य न्यायाधीश से मार्गदर्शन मांगने पर शीर्ष अदालत ने स्वत: संज्ञान मामला दर्ज कर सुनवाई की।न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर की अध्यक्षता वाली लोकपाल पीठ ने 27 जनवरी 2025 के आपने आदेश में कहा था कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करना लोकपाल के अधिकार क्षेत्र के अधीन होंगे।

## सोनिया गांधी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हालांकि, भर्ती होने की वजह और समय अभी सामने नहीं आया है। दिसंबर 2024 में सोनिया गांधी 78 साल की हो चुकी हैं।

सूत्रों के मुताबिक उन्हें रूटीन चेकअप के लिए लाया गया था। इससे पहले सितंबर, 2023 में हल्के बुखार के बाद उन्हें सर गंगा राम अस्पताल में ही भर्ती कराया गया था।

## एकनाथ शिंदे को जान से मारने की धमकी

मुंबई, 20 फरवरी। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। गोरेगांव पुलिस को इस बारे में एक अज्ञात शख्स का ईमेल मिला है, जिसमें एकनाथ शिंदे की गाड़ी को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है।मंत्रालय और जेजे मार्ग पुलिस स्टेशन में भी इसी तरह का धमकी भरा मेल आया है।पुलिस धमकी भरा ईमेल भेजने वाले की तलाश कर रही है।

- **गोरे गाँव पुलिस को अज्ञात व्यक्ति ने ई-मेल भेज कर धमकी दी है।**

इस समय फिलहाल एकनाथ शिंदे दिल्ली के दौरे पर हैं। वे रामलीला मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के बाद एनडीए नेताओं के साथ बैठक के लिए निकल गए। दिल्ली में आज रेखा गुप्ता ने नए मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली है।

# जौनपुर में एक ही सड़क पर एक के बाद एक दो हादसे, 9 की मौत 40 घायल

## दोनों हादसों में क्षतिग्रस्त गाड़ियाँ अयोध्या जा रही थीं

- **पहला हादसा गुरुवार अल सुबह हुआ, जिसमें सूमो गाड़ी की एक अन्य वाहन से भिडंत हो गई थी। इसमें 5 लोगों की मौत हो गई।**
- **पुलिस ने तुरंत राहत और बचाव कार्य संभाला, पुलिस बचाव कार्य कर भी नहीं पाई थी कि तथी एक और हादसा हो गया और तीर्थ यात्रियों की बस ट्रेलर से टकरा गई।**

जौनपुर, 20 फरवरी। यूपी के जौनपुर जिले में बड़ी बड़ी सड़क दुर्घटना हुई है। जिले के बदलापुर थानांतर्गत सरोखनपुर गांव के पास दो अलग दुर्घटनाओं में अयोध्या जा रही गाड़ियां दुर्घटना ग्रस्त हो गई। इसमें9तीर्थयात्रियों की जान चली गई जबकि 40 लोग घायल हुए हैं। सूचना मिलते ही डीएम-एसएसपी सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार, महाकुंभ स्नान के बाद दो वाहन जौनपुर में सड़क हादसे का शिकार हो गये। इस हादसे में दोनों वाहनों में सवार नौ श्रद्धालुओं की मौत हो गई है।

लगभग 40 लोग घायल भी हुए हैं। घायलों को जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

बताया जा रहा है कि झारखंड नम्बर की टाटा सूमो श्रद्धालुओं को लेकर वाराणसी से अयोध्या की ओर जा रही थी। गुरूवार तड़के जैसे ही सरोखनपुर पहुंची तो एक वाहन से जोरदार भिड़ंत हो गई। सूमो में सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिली तो मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से घायलों को अस्पताल भेजा। सूमो में एक बच्चा, एक पुरुष और 3 महिला समेत 8 लोग सवार थे। इनमें से पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए जिनका इलाज चल रहा है। सूमो सवार सभी झारखंड के रहने वाले थे।

सूमो के हादसे का बचाव कार्य करने के बाद अभी प्रशासनिक टीम सामान्य हो भी नहीं पाई थी कि लगभग आधे घंटे बाद घटनास्थल से सौ मीटर दूर श्रद्धालुओं से भरी बस हाइवे पर खड़े ट्रेलर में पीछे से भिड़ गई। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई जबकि करीब 40 लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि बस में 42 लोग सवार थे।

इनमें से दो पुरुष और दो महिलाओं की मौत हो गई और 37 लोग घायल हो गए। इनमें से 21 लोगों को गंभीर चोटे आई हैं। शेष 11 लोग मामूली घायल हैं। बस सवार दिल्ली के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

## राज्य सरकार ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पक्ष बताने के लिए एक दिन का समय दिया है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश कैलाश चन्द्र शर्मा व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता विज्ञान शाह ने अदालत को बताया कि भर्ती रद्द करने के संबंध में 4 महीने में निर्णय कर लिया जाएगा। इस दौरान किसी को फील्ड पोस्टिंग नहीं दी जाएगी और दोषी लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही अतिरिक्त महाधिवक्ता ने अदालत से याचिका को निस्तारित करने की गुहार की। इस पर अदालत ने कहा कि वे दो-तीन माह का समय ले लें, लेकिन याचिका निस्तारित नहीं की जाएगी और इसे मेरिट पर ही तय किया जाएगा।

इस दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता हरेन्द्र नील ने भी अदालत से कहा कि राज्य सरकार को आगे समय नहीं दिया जाए और याचिका का निस्तारण अभी मेरिट पर कर दिया जाए। इस पर अदालत ने याचिकाकर्ता को कहा कि वे भर्ती को लेकर तीन साल तक तो कोर्ट आए नहीं, अब उन्हें किस बात की जल्दी है। इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार से निर्देश प्राप्त करने के लिए मामले की सुनवाई 20 मिनट के लिए टाल दी। वहीं बाद में अतिरिक्त महाधिवक्ता ने कहा कि उनका सक्षम अधिकारी से संपर्क नहीं हुआ है। इसलिए उन्हें समय दिया जाए। इस पर अदालत ने मामले की सुनवाई शुक्रवार तक के लिए टाल दी है। गौरतलब है कि गत सुनवाई पर अतिरिक्त महाधिवक्ता ने अदालत को मामले में उच्च स्तर पर विचार-विमर्श होने की जानकारी देकर मामले की सुनवाई बुधवार के बजाए गुरुवार को करने की गुहार की थी।

राष्ट्रदूत हिन्दु संयुक्त परिवार की ओर से सोमेश शर्मा द्वारा ज्वाईन्ट मीडिया, आजाद मार्ग, मैन रोड, आयड, उदयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 57928/93 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513 कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371 अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908

# दुष्कर्म के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग, कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान के ब्यावर जिले के बिजयनगर में एक विशेष समुदाय के युवकों द्वारा स्कूली छात्राओं के साथ यौन शोषण तथा धर्मातांतरण का प्रयास के विरोध में आरोपियो के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर बड़ी संख्या में एबीवीपी अजमेर महानगर के कार्यकर्ताओं द्वारा विशाल धरना प्रदर्शन कर कलेक्टर को महानगर मंत्री राजेंद्र कालश व चंचल तेजावत के नेतृत्व में ज्ञापन सौपा । विरोध प्रदर्शन के दौरान एबीवीपी की छात्राए कलेक्ट्रेट परिसर में घुसने का प्रयास किया, इस दौरान पुलिस व छात्राओ के बीच धक्का-मुक्की हो गई।

बिजयनगर में स्कूल छात्राओं से दुष्कर्म के मामले में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में छात्राओं ने गुरूवार कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। छात्राओं ने प्रदर्शन कर अतिरिक्त जिला कलेक्ट्रर को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन दिया। एबीवीपी के महानगर मंत्री राजेंद्र काल्स ने बताया अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद 1949 से विद्यार्थी एवं समाज के मध्य में कार्यरत संगठन है। इसके तहत अजमेर जिले के बिजयनगर में जिहादियों की ओर से नाबालिग स्कूल छात्राओं के शोषण के अत्यंत दुखद घटना पर रोष प्रकट करती है।

यह अत्यंत शर्मनाक है कि नाबालिग बालिकाओं को ब्लैकमेल कर उनके साथ यौन शोषण हुआ और उन्हें जबरन धर्मांतरित करने का प्रयास हुआ। इस मामले में आरोपियों पर कठोर कार्रवाई हो। एबीवीपी इस दुखद घटना में सम्मिलित सभी आरोपियों पर शीघ्र कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग करती है। नाबालिग बालिकाओं का जीवन बर्बाद करने के ऐसे प्रयासों की पुनरावृत्ति न हो, इसलिए प्रशासन के साथ समाज को भी सजग रहना होगा। इस मौके पर प्रदेश छात्रा सहप्रमुख चंचल तेजावत, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य खुशाल प्रजापति, महानगर सहमंत्री अमृत चौधरी, कृष्णा ठाकुर, लक्ष्यराज सैनी, अदिति गाबा, इकाई अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह पिपरोली, विनीत धानका, कुमकुम सेन, रोहित रावत, इकाई सचिव जयश्री महावर, जसवंत पवाँर, पुष्पेंद्र सिंह, सुखपाल गुर्जर, पीयूष शर्मा, मोहित गहलोत, सागर रावत, कालू योगी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



ब्यावर जिले के बिजयनगर में छात्राओं से दुष्कर्म करने के आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया।

एडीजे ने किया प्रसंज्ञान-बिजयनगर के ब्लैकमेल प्रकरण में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेंद्र कुमार ढाबी अपर जिला न्यायाधीश के द्वारा प्रकरण की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रसंज्ञान लिया गया, जिसके क्रम में प्राधिकरण द्वारा बाल कल्याण समिति को निर्देशित कर महिला बाल मित्र एवं उसके सहयोग के लिए पुरुष बाल मित्र को नियुक्त करवाया गया। उक्त क्रम में प्राधिकरण के निर्देश पर बाल मित्रों ने पीड़ित परिवार से संपर्क कर उनको विधिक सहयता प्रदान की एवं पीड़ित प्रतिकर योजना की जानकारी देते हुए प्रक्रिया से अवगत करवाया प्राधिकरण सचिव ने पुलिस अधीक्षक अजमेर सहित पुलिस अधीक्षक ब्यावर व संबंधित थानाधिकारी को विधिक सहायता प्रदान करने हेतु व आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु निर्देशित किया प्राधिकरण सचिव द्वारा अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति को भी महिला पैरालीगल वालेंटियर नियुक्त करने हेतु निर्देशित किया।

## पहली बार अभ्यर्थियों का बायोमैट्रिक से होगा वेरिफिकेशन

**बीकानेर।** रीट पात्रता परीक्षा 27-28 फरवरी को आयोजित की जाएगी। परीक्षा में पहली बार परीक्षार्थियों की पहचान करने एवं फर्जी अभ्यर्थियों की पहचान करने के लिए हैंड-हेल्ड मेटल डिटेक्टर एवं बायोमीट्रिक तथा फेस रेकग्निशन जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। रीट परीक्षा को लेकर मुख्य सचिव सुधांशु पंत की अध्यक्षता मे सचिवालय में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ इस संबंध में एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में परीक्षा की शुचिता, पेपर और ओएमआर शीट की सुरक्षा एवं गोपनीयता, कानून व्यवस्था, प्रश्न पत्रों के सुरक्षित परिवहन, परीक्षार्थियों की सुविधाओं एवं अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। मुख्य सचिव पंत ने निर्देश दिए कि जिस प्रकार चुनाव आयोग निर्वाचन प्रक्रिया के प्रत्येक बिन्दु के लिए एसओपी जारी कर उसकी निर्धारित समय पर शत-प्रतिशत और गम्भीरता से पालना सुनिश्चित करवाता है, उसी प्रकार रीट परीक्षा में भी प्रत्येक बिन्दु की एसओपी जारी की गई है।

## महामण्डलेश्वर हंसराम अध्यक्ष नियुक्त

**भीलवाड़ा।** भारत साधु समाज के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की एक बैठक स्थानीय हरी शेवा उदासीन आश्रम, सनातन मंदिर में सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य रूप से साधु समाज एवं धर्मशास्त्र की मान्यता व मर्यादा की रक्षा, सनातन धर्म, शिक्षा, संस्कार, सामाजिक, सांस्कृतिक मूल्यों सहित विविध मुद्दो पर वार्ता, चिन्तन व चर्चा हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष पूज्य पाद द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य श्री स्वामी सदानन्द सरस्वती जी महाराज व महामंत्री स्वामी केशवानन्द महाराज के निर्देशानुसार यह बैठक भीलवाड़ा आश्रम में सम्पादित हुई। इस बैठक में भारत साधु समाज की सहयोगी समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णसिंह दहिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किशन सिंह भदौरिया, प्रबन्धक मंत्री यश कुमार दहिया, सोशल मीडिया प्रभारी अरिदमन सिंह सम्मिलित हुए। बैठक में राजस्थान प्रान्त के लिए अध्यक्ष महामण्डलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन एवं उपाध्यक्ष महामण्डलेश्वर स्वामी हितेश्वरानंद सरस्वती को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। हाल ही में महाकुम्भ के अवसर पर उपस्थित संतो-महापुरूषो, पदाधिकारियों के द्वारा कार्यकारिणी विस्तार व नियुक्ति पर सैद्धान्तिक सहमति भी हुई। राजस्थान प्रान्त के लिए महामण्डलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन एवं महामण्डलेश्वर स्वामी हितेश्वरानंद सरस्वती की नियुक्ति पर सर्व संत समाज व श्रद्धालुओं में हर्ष एवं खुशी की लहर छा गई। भारत साधु समाज राजस्थान के नवनियुक्त अध्यक्ष महामण्डलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने बताया कि अतिशीघ्र राजस्थान कार्यकारिणी का विस्तार किया जायेगा एवं एक वृहद स्तर पर विविध मुद्दो पर दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन भी प्रस्तावित है। उपाध्यक्ष मेवाड़ महामण्डलेश्वर स्वामी हितेश्वरानंद सरस्वती ने बताया कि महाकुम्भ पर जो दृश्य परिलक्षित हुआ है, वह निश्चित रूप से सनातन धर्म के लिए सकारात्मकता लिये हुए है। उन्होंने उद्धेश्यो की पूर्ति में हर संभव कार्य करते हुए मेवाड व राजस्थान का जो इतिहास है, उसी अनुरूप प्रसिद्धी दिलाने की भी बात कही। इस अवसर पर महंत हनुमानराम उदासीन पुष्कर, संत राजाराम, संत गोविन्दराम, ब्रह्मचारी सिद्धार्थ, कुणाल, मिहिर सहित हरी शेवा संस्थान के ट्रस्टी, पदाधिकारी व हंसगंगा हरि शेवा भक्त मण्डल के श्रद्धालुगण सम्मिलित हुए।

# राज्यपाल ने भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय परिसर में 61.75 करोड़ रूपये के विकास कार्यों का शिलान्यास किया

**अलवर।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे एवं केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने गुरूवार को अलवर के हल्दीना स्थित राजऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय परिसर में 61.75 करोड रूपये की लागत के द्वितीय चरण के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा संविधान पार्क का अवलोकन किया।

राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने शिलान्यास कार्यक्रम के उद्बोधन में महाराजा भर्तृहरि को नमन कर विश्वास जताते हुए कहा कि उनकी तपोभूमि पर उनके नाम से 2012 में स्थापित यह विश्वविद्यालय भर्तृहरि के आदर्शों को आत्मसात करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ देश-विदेश में ज्ञान का एक बड़ा केंद्र बने। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में 61.75 करोड रूपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों से विद्यार्थियों को मूलभूत सुविधाएं मिल सकेंगी तथा विश्वविद्यालय अपने चहुंमुखी विकास की ओर अठासर होगा। उन्होंने महाराजा भर्तृहरि को स्मरण करते हुए कहा कि हमारे देश के महान विभूतियों में से एक हैं, उनके द्वारा लिखित नीति शतक, श्रृंगार शतक और वैराग्य शतक की भावाभिव्यक्ति इतनी सरल, मनोरम, मधुर, रसपूर्ण और प्रवाहमय भाषा में है कि पढ ने वाले के हृदय और मन दोनों को प्रभावित करती है।

राज्यपाल बागडे ने प्राचीन गुरुकुलों की महत्वता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इन गुरूकुलों में विद्यार्थियों की बौद्धिक व शारीरिक क्षमता बढ़ाने के साथ श्रेष्ठ नागरिक के रूप में दीक्षित किया जाता था। उन्होनें कहा कि नई शिक्षा नीति भारतीय परम्परा व विद्यार्थी के अनुकूल है, विश्वविद्यालय नई शिक्षा नीति के आलोक में अपने पाठ्यक्रमों को समयानुकूल, उपयोगी और अधतन करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहे, कौशल उन्मुख ऐसे पाठ्यक्रमों को अधिकाधिक प्रारंभ किया जाना चाहिए जिनका लाभ विद्यार्थियों के साथ-साथ देश और समाज को भी मिले। उन्होंने शिक्षा में किताबी ज्ञान के अतिरिक्त बहुआयामी शिक्षा पर बल दिया, जिससे विद्यार्थी प्रतिभाशाली बन सके। उन्होंने बेटियों से कहा कि निडर और बहादुर बनें। उन्होंने कहा कि अन्याय जहां पर हो वहां सबको मजबूती से उसका विरोध कर सामाजिक मूल्यों को मजबूत करना चाहिए। केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने अपने संबोधन में कहा कि राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे से सार्वजनिक जीवन, पवित्राता, नैतिक मूल्यों व नए लोगों को जीवन में आगे बढाने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल श्री बागडे ने अपने अंतर्गत आने वाले विश्वविद्यालयों को पत्र लिखा है कि मेरा स्वागत करने आना तो फूल-माला नहीं शोध की पुस्तक लेकर आना यह इनके सादगीपूर्ण जीवन को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि हमारा इस विश्वविद्यालय को एकेडमिक स्टेंडर्ड में खडा करना है।



राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने अलवर में निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया।

उन्होंने महाराजा भर्तृहरि के जीवन का संक्षिप्त वर्णन करते हुए कहा कि अलवर राजा भर्तृहरि की तपोभूमि है।

अलवर में आकर उन्होंने तीन पुस्तकें नीति शतक, श्रृंगार शतक व वैराग्य शतक की रचना की जो जीवन में शासन, जीवन के आकर्षण व जीवन के सभी कार्य करके असली परमार्थ को पाने के लिए प्रेरित करती है। ये पुस्तकें भारत के मूल्यों को आगे बढ ाने का काम करती है। यादव ने कहा कि विश्विद्यालय परिसर में संविधान पार्क बनाया है जो बाबा साहेब को समर्पित है तथा यहां बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा विद्यार्थियों को संविधान के प्रति अपनी कृतज्ञता की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि हल्दीना क्षेत्रा में बालिका सैनिक स्कूल बनाने की मांग वर्षों से चली आ रही थी इस पर मुख्यमंत्राी को अवगत कराने पर उन्होंने हाल ही में पेश किए बजट में बालिका सैनिक स्कूल बनाए जाने की घोषणा की है इससे क्षेत्रा की बालिकाओं को सेना में जाने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय व लोकल रोड कनेक्टिविटी को बढाने के लिए सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं।

## नदबई डेरा मार्ग पर अनियंत्रित होकर पलटी बस

**नदबई** (निस)। डहरा सड़क मार्ग पर बुधवार रात एक निजी बस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खेत में जा पलटी। घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई, लेकिन हादसे के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही डहरा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू की।

डहरा चौकी के सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) एदल सिंह ने बताया कि बुधवार रात को नदबई की ओर जा रही एक निजी बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन वहां बस चालक नहीं मिला। पुलिस जांच में पता चला कि, यह बस अटलबंद थाना क्षेत्र से चोरी हुई थी। आशंका जताई जा रही है कि बस को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चुराकर ले जाया जा रहा था और नियंत्रण खोने के कारण यह हादसा हुआ। हालांकि, इस बारे में विस्तृत जांच जारी है।


**महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर**

**निविदा सूचना संख्या - 11/2024-25**

विश्वविद्यालय द्वारा ई-निविदा सूचना क्रमांक 16557 दिनांक 19.02.2025 के तहत निर्माण कार्य हेतु निविदा जारी की गई है, जिसकी एनआईबी कोड GUS2425A0045 एवं यूबीएन कोड GSU2425WSOB00053 है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in एवं स्टेट प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

राज.संवाद/सी/24/12001 सम्पदा अधिकारी



राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद

**कार्यालय अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, झालावाड (राज0)**

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक (मुख्यालय), गढ़ परिसर विलायती गेट के पास, झालावाड

E-Mail: adpcsmsajhalawar@gmail.com

क्रमांक :- अजिपस /समसा/झाला/ पीएमश्री/2024-25/2972 दिनांक :- 19/02/2025

**कार्यालय आदेश**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्थानीय कार्यालय द्वारा जारी की गई निविदा सूचना संख्या -07/2025 दिनांक 13.02.2025 पीएम श्री विद्यालयों में मानव संसाधन की सेवाओं का सहयोगी स्टाफ के रुप में उपपान को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

राज.संवाद/सी/24/12016 अति. जिला परियोजना समन्वयक



**OFFICE OF THE PRINCIPAL, RNT MEDICAL COLLEGE & CONTROLLER ASSOCIATED GROUP OF HOSPITALS, UDAIPUR (RAJ.)**

No. RNT/Pur-I/F-16/(e-Tendering Proc)/2024-25/808 Dated-07.02.2025

**Notice Inviting Bid No. 21/2024-25(e-Tender)**

Bids for Medical Equipments are invited from interested bidders upto Date-24.02.2025 Time-10.30 AM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http:/sppp.raj.nic.in) of the state.
**UBN- MCU2425GLOB00203, MCU2425GLOB00204, MCU2425GLOB00205, MCU2425GLOB00206, MCU2425GLOB00207, MCU2425GLOB00208, MCU2425GLOB00209, MCU2425GLOB00210, MCU2425GLOB00211, MCU2425GLOB00212, MCU2425GLOB00213, MCU2425GLOB00214, MCU2425GLOB00215, MCU2425GLOB00216, MCU2425GLOB00217, MCU2425GLOB00218, MCU2425GLOB00219**

(Dr. Vipin Mathur)
DIPR/C/1992/2025 PRINCIPAL & CONTROLLER


# संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले बदमाशों पर होगी कार्रवाई

**कोटा,** (निसं)। गत दिनों 10 फरवरी को मधुबनी रेलवे स्टेशन पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा ट्रेन को नुकसाल पहुंचाने वालों पर कार्रवाई की जायेगी। बदमाशों ने ट्रेन संख्या 12561 स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस (जयनगर-नई दिल्ली) की एसी कोच की 73 कांच की खिड़कियों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया, जिससे स्टेशन पर अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। इस कृत्य के बाद, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), पूर्व मध्य रेलवे ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रेलवे अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था। रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले अपराधियों की पहचान के लिए आरपीएफ की एक विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान, तकनीकी साक्ष्यों और विभिन्न स्रोतों से मिली जानकारी के आधार पर एक नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया और खेद व्यक्त किया। अन्य दोषियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# शादी समारोह दौरान दुल्हन के भाई के बैग से डेढ़ लाख रूपए पार

## दुल्हन के भाई ने मामला कराया दर्ज

**नदबई** (निस)। थाना क्षेत्र के एक निजी मैरिज होम में शादी समारोह के दौरान दुल्हन के भाई के बैग से 1 लाख 50 हजार रुपये चोरी होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित अजवेन्द्र सिंह पुत्र शिब्बोराम जाटव निवासी हरनेरा ने गुरुवार को नदबई थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

पुलिस के अनुसार, मंगलवार की रात को उसकी बहन की शादी थी, जिसके आयोजन में पूरा परिवार व्यस्त था।

बारात के स्वागत की तैयारियों के बीच पीडित अपने हाथ में एक छोटा बैग लेकर घूम रहा था, जिसमें 1.50 लाख रुपये नगद रखे हुए थे।

सूट-बूट पहने दो संदिग्धों ने दिया वारदात को अंजाम : पीड़ित के मुताबिक, जब बारात दरवाजे पर पहुंची, तो वह अपने परिवार के साथ स्वागत के लिए आगे बढ़ा।

इसी दौरान उसने देखा कि दरवाजे पर सूट-बूट पहने दो अज्ञात व्यक्ति खड़े थे। जैसे ही वह आगे बढ़ा, उनमें से एक व्यक्ति ने उसे हल्का सा धक्का दिया, जिससे वह संतुलन खो बैठा।

इस दौरान किसी ने उसके हाथ में टंगे बैग की चेन खोलकर उसमें रखे 1.50 लाख रुपये निकाल लिए घटना के तुरंत बाद जब पीड़ित को बैग से पैसे गायब होने का अहसास हुआ, तो उसने वहां मौजूद लोगों की मदद से इधर-उधर तलाश की, लेकिन संदिग्धों का कोई सुराग नहीं लगा। शादी की भीड़ और व्यस्तता का फायदा उठाकर चोर आसानी से फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग खंड राजसमन्द**

Phone: 02952-223136 E-Mail: phedrajd@gmail.com

क्रमांक- अअ/राज/निविदा/2024-25/2222 दिनांक-11.02.2025

**निविदा सूचना संख्या 65-69/2024-25**

**NIB NO. PHE2425A4466**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस खंड के अधिन निम्नलिखित कार्यो के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों के निर्धारित प्रपत्र में खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी विवरण www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है। निविदा निम्नानुसार निर्धारित दिनांक को इस कार्यालय द्वारा बेची जाकर दोपहर 02.30 बजे तक इस कार्यालय में प्राप्त कर निर्धारित दिनांक उपस्थित निविदादाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष 03.00 बजे खोली जावेगी। धरोहर राशि का ई-चालान 8443-00-108-00-00 हेड में जमा कर संलग्न करना होगा तथा DDO Code 11243 अधिशाषी अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग खंड राजसमंद के नाम ई-चालान मद 0075-00-800-52-01 में निविदा शुल्क जमा कराकर निविदा प्रपत्र SPPP पोर्टल से प्राप्त किया जा सकता है उपरोक्त के अभाव में निविदा अमान्य होगी।

**UBN NO. PHE2425WSRC09595, PHE2425WSRC09603, PHE2425WSRC09610, PHE2425WSRC09598, PHE2425WSRC09605**

अधिशाषी अभियन्ता
DIPR/C/2021/2025 जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खंड राजसमन्द


# रोशन हत्याकांड में शामिल कातिलों को गिरफ्तार करने की मांग

- वार्ता में 24 घंटे बाद बिटिया रोशन के शव की सुपुर्दगी लेने पर बनी सहमति
- कातिल 20 वर्षीय युवती का गला रेतकर फरार हुए

**मदनगंज-किशनगढ,** (निस)। बोराडा थाना अन्तर्गत गांव पांडरवाडा के पास झाड़ियों में अज्ञात बदमाशो द्वारा एक युवती का गला रेतकर नृशंस हत्या किये जाने की वारदात को लेकर आक्रोशित परिजनों सहित ग्रामीणों ने शव की सुपुर्दगी लेने साफ इंकार कर दिया। विधायक डॉ. विकास चौधरी ने रोशन बैरवा हत्याकांड को लेकर कहा की बैरवा समाज की बिटिया रोशन का गला रेतकर हत्या कर दी गई। गुनाहगारों को गिरप्तार कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाये। पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने वारदात के दिन बोराडा थाना में समझाईस कर ग्रामीणों को उचित कार्यवाही के लिये आश्वस्त किया था, किंतु अपराधियों के गिरप्तार नहीं होने पर दूसरे दिन गुरुवार को सुबह सैकड़ों लोग शव के साथ राजकीय यज्ञनारायण अस्पताल किशनगढ़ में एकत्रित हो गये और कातिलों को गिरप्तार करने के साथ 50 लाख रूपये बतौर मुआवजा दिलाने की मांग पर अड़ गये। कई दौर की वार्ता हुई, पर सार्थक परिणाम सामने नहीं आ सके। राजकीय अस्पताल किशनगढ में मौजूद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (आईपीएस) अभिषेक, अंराई उपखण्ड अधिकारी दीप शिखा, किशनगढ उपखण्ड अधिकारी निशा सहारण, पूर्व विधायक सुरेश टाक, ब्लॉक अध्यक्ष मोहित खंडेलवाल, कानाराम चोटिया की मौजूदगी में प्रशासन द्वारा जल्द से जल्द कातिलों को गिरप्तार करने के अलावा अन्य उचित मांगो के संदर्भ में कार्यवाही करने के लिये आश्वस्त किये जाने पर वारदात के करीब 24 घंटे बाद शव की सुपुर्दगी लेने पर सहमति बन पाई। दरअसल दो दिन पहले बुधवार को गांव पांडरवाड़ा निवासी रोशन बैरवा (20) पुत्री छोटूलाल बैरवा घर से खेत की रखवाली के लिये रवाना हुई थी। लांबा हरिसिंह मार्ग पर खेत के पास अज्ञात कातिल बिटिया रोशन का गला रेतकर फरार हो गया। सांय करीब 5 बजे झाडियों में रक्तरंजित शव पड़ा हुआ नजर आने पर तत्काल बोराडा थाना पुलिस को संगीन वारदात के बारे में जानकारी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।



युवती की हत्या के बाद ग्रामीणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी होने तक शव की सुपुर्दगी लेने साफ इंकार कर दिया, बाद में सहमति बनने पर शव लेने पर राजी हुए परिजन व ग्रामीण।

## 200 किलोमीटर जाकर लिया नेत्रदान

**कोटा,** (निसं)। संभाग स्तर पर नैत्रदान-अंगदान-देहदान के लिये विगत 11 वर्षो से कार्य कर रही संस्था शाईन इंडिया फाउंडेशन और बीबीजे चैप्टर के सहयोग से पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले कस्बा चौमेला से पांचवा नेत्रदान प्राप्त किया। संस्था के रामगंजमंडी शाखा के ज्योति-मित्र संजय विजावत ने बताया कि, उनके मौसाजी चौमेला निवासी केसरीमल जैन का आकस्मिक निधन हुआ हैं। बेटे कमल ने 2 वर्ष पूर्व अपनी मां धापू बाई के नेत्रदान की तरह अपने पिता के नेत्रदान की इच्छा जताई हैं। मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले में चौमेला के आसपास के क्षेत्र में एक भी आई बैंक न होने के कारण जब भी कोई परिवार अपने दिवंगत के नेत्रदान करवाने के लिये शाईन इंडिया फाउंडेशन को संपर्क करता हैं, तो कोटा से ही टीम जाकर नेत्रदान संपन्न करवाती हैं। संजय की सूचना पर कोटा से डॉ.कुलवंत गौड़, सहयोगी धीरज शर्मा के साथ नेत्र संकलन वाहिनी ज्योति रथ लेकर 200 किलोमीटर दूर समीप के राज्य मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले के चौमेला कस्बे के लिए रवाना हुऐं।


**कार्यालय नगर परिषद चित्तौड़गढ**

क्रमांक/भू.उ.प./2024-25/9228-30 दिनांक :- 18.02.2025

**उजरदारी सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकों द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन नियम 2010 के अन्तर्गत निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत कर उनके नाम के आगे अंकित भूखण्ड का आवासीय प्रयोजनार्थ से व्यावसायिक प्रयोजनार्थ भूउपयोग परिवर्तन चाहा गया है। इस बाबत् किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ती हो तों इस उजरदारी प्रकाशन के 15 दिवस में अपनी आपत्ती मय दस्तावेज एवं सबूत के अधोहस्ताक्षकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद कोई भी आपत्ती काबिले समायत नही होगी एवं भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही सम्पादित की जावेगी।

| क्र. सं. | नाम आवेदक | भूखण्ड संख्या, साईज व स्थान | चाहा गया भू-उपयोग परिवर्तन |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री राकेश शर्मा पिता श्री हनुमान प्रसाद शर्मा निवासी भीलवाडा | भूखण्ड संख्या NIL साईज 3425.51 स्थान निम्बाहेडा चित्तौड़गढ़ मार्ग, रेल्वे स्टेशन के पास, चित्तौडगढ | आवासीय प्रयोजनार्थ से व्यावसायिक प्रयोजनार्थ |
| 2 | श्री राकेश शर्मा पिता श्री हनुमान प्रसाद शर्मा निवासी भीलवाडा | भूखण्ड संख्या NIL साईज 2615.99 स्थान निम्बाहेडा चित्तौड़गढ़ मार्ग, रेल्वे स्टेशन के पास, चित्तौडगढ | आवासीय प्रयोजनार्थ से व्यावसायिक प्रयोजनार्थ |
| 3 | श्री राकेश शर्मा पिता श्री हनुमान प्रसाद शर्मा निवासी भीलवाडा | भूखण्ड संख्या NIL साईज 2606.50 स्थान निम्बाहेडा चित्तौड़गढ़ मार्ग, रेल्वे स्टेशन के पास, चित्तौडगढ | आवासीय प्रयोजनार्थ से व्यावसायिक प्रयोजनार्थ |

Raj.samwad/C/24/11990 आयुक्त



**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**

पृथ्वीराज मार्ग, अजमेर (राजस्थान) फोन नं. 0145-2429971, 2429920

क्रमांक : T.W.S./2025-26/330 दिनांक : 18.02.2025

**:: ई-निविदा सूचना संख्या /2025-26 ::**

नगर निगम, अजमेर की ओर से अजमेर नगर निगम एवं राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेन्ट प्रक्रिया से ट्राम्बे शाखा पर संचालित वाहनों का रख-रखाव हेतु वार्षिक दर अनुबंध के लिए ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है जिसमें अनुमानित व्यय 18,50,000/- है जो निम्नलिखित दिनांक अनुसार डाउनलोड तथा खोली जायेगी।

**महत्त्वपूर्ण दिनांको का विवरण**

| विवरण | दिनांक/समय |
|---|---|
| ऑन लाईन निविदा फॉर्म प्रारम्भ होने की दिनांक व समय | 21.02.2025 को प्रातः 11:00 बजे से |
| ऑन लाईन निविदा फॉर्म समाप्त होने की दिनांक व समय | 03.03.2025 को सांय 06:00 बजे तक |
| ऑन लाईन तकनीकी निविदा खोलने की तारीख | 04.03.2025 को प्रातः 11:00 बजे |

Nib Code :- ANN2425A0196
UBN No. :- ANN2425SLOB00321

उपायुक्त
राज.संवाद/सी/24/12032 नगर निगम अजमेर



सोशल मीडिया पर एक स्टोरी पोस्ट की। जिसमें उन्होंने लिखा कि, मैं जितना गिन सकता हूं भगवान ने मुझे उससे ज्यादा बचाया है। तो मैं सिर्फ वो ही समय याद कर सकता हूं जब मुझे बचाया गया।
- युजवेन्द्र चहल

भारतीय गेंदबाज, अपनी शादीशुदा जिदंगी की अफवाहों को लेकर बोलते हुए।




**आज का खिलाड़ी**

## अक्षर पटेल



भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन काबिले तारीफ रहा है। लेकिन इस मैच में स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल हैट्रिक लेने से चूक गए। इस मैच में पहली पारी में अक्षर पटेल ने 9वें ओवर में दो गेंदों पर दो विकेट ले लिए थे और तीसरी गेंद पर उनकी गेंद पर जाकेर अली ने जो शॉट खेला वो स्लिप में चली गई वहां खड़े भारतीय कप्तान रोहित शर्मा से उनका कैच छूट गया। इसके साथ ही अक्षर पटेल चैंपियंस ट्रॉपी में अपना हैट्रिक पूरा करने से रह गए। लेकिन गेंद फिर उनके हाथों से फिसल गई और इस कैच के छूटने के बाद कप्तान रोहित शर्मा बुरी तरह से झुंझला गए।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिकेट खिलाड़ियों की आत्म कथाओं की पुस्तक का सबसे छोटा नाम पाकिस्तानी क्रिकेटर जहीर अब्बास की पुस्तक का है। इसका शीर्षक जेड है।

# गिल का नाबाद शतक, भारत ने बंगलादेश को छह विकेट से हराया



दुबई 20 फरवरी । मोहम्मद शमी (पांच विकेट) और हर्षित राणा (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद शुभमन गिल (नाबाद 101 ) के शतक, केएल राहुल (नाबाद 41) और रोहित शर्मा (41) रनों की बेहतरीन पारियों की बदौलत भारत ने गुरुवार को चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे मुकाबले में 21 गेंदें शेष रहते बंगलादेश को छह विकेट से हरा दिया।

बंगलादेश के 228 रन के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी भारत की कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 69 रन जोड़े। 10वें ओवर में तसकीन अहमद ने रोहित शर्मा को आउट कर बंगलादेश को पहली सफलता दिलाई।

रोहित शर्मा ने 36 गेंदों में सात चौकों की मदद से (41) रनों की पारी खेली। विराट कोहली (22), श्रेयस अय्यर (15) और अक्षर पटेल (आठ) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये के एल राहुल ने शुभमन गिल से पारी को संभाला। शुभमन गिल ने 129 गेंदो में नौ चौके और दो छक्कों की मदद से (नाबाद 101) रनों की पारी खेली। के एल राहुल ने 47 गेंदों में एक चौके और दो छक्का लगाते हुए (नाबाद 41) रन बनाये। के एल राहुल ने तनजीम हसन साकिब की गेंद पर छक्का लगाकर भारत को जीत दिलाई। भारत ने 46.3 ओवर में चार विकेट पर 231 रन बनाकर छह विकेट से मुकाबला जीता।

बंगलादेश की ओर से रिशाद हुसैन ने दो विकेट लिये। तसकीन अहमद और मुस्तफ़िज़ुर रहमान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां बंगलादेश के कप्तान नाजमुल हसन शान्तो ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 35 के स्कोर तक अपने पांच विकेट गवां दिये। सौम्य सरकार (शून्य) और कप्तान नजमुल शान्तो (शून्य), मेहदी हसन मिराज(पांच), तंजिद हसन (25) और मुशफिकुर रहीम (शून्य) पर आउट हुये। ये पांचों बल्लेबाज मोहम्मद शमी, अक्षर पटेल और हर्षित राणा की धारदार गेंदबाजी के आगे ढ़ेर हो गये।

ऐसे संकट के समय मो. तौहीद हृदोय और जाकेर अली की जोड़ी ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच छठे विकेट लिये रिकार्ड 135रनों की साझेदारी हुई। 43वें ओवर में मोहम्मद शमी ने जाकेर अली (68) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे बंगलादेश की हालत ऐसी थी कि वे लटक- लटके हुए 200 पार। इसके बाद रिशाद हुसैन (18) को हर्षित राणा ने आउट किया।

तनजीम हसन साकिब (शून्य) मोहम्मद शमी का चौथा शिकार बने। तसकीन अहमद (तीन) को भी शमी ने आउट किया। 50वें ओवर में की चौथी गेंद पर हर्षित राणा ने जूझारू पारी खेलकर शतक बनाने वाले मो. तौहीद हृदोय को आउटकर बंगलादेश की पारी का 228 के स्कोर पर अंत कर दिया। मो. तौहीद हृदोय ने 118 गेंदों में छह चौके और दो छक्के लगाते हुए (100) रनों की पारी खेली।

भारत की ओर से मोहम्मद शमी ने पांच विकेट लिये। हर्षित राणा को तीन विकेट मिले। अक्षर पटेल ने दो बल्लेबाजों को आउट किया।

## अमन की घातक गेंदबाजी से बिमल एकेडमी की आसान जीत



जयपुर, 20 फरवरी। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 27वीं नवीन-नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में बिमल क्रिकेट एकेडमी ने अमन पारीक 11 रन पर 6 विकेट की घातक गेंदबाजी की बदोलत बारवाल क्रिकेट एकेडमी को 10 विकेट से हरा कर 2 अंक अर्जित किये। टॉस जीतकर बारवाल क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी कर निर्णय लिया लेकिन मोहित 21 रन, आबिद 12 रन तथा नमन जैन 10 रन को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज बिमल क्रिकेट एकेडमी के गेंदबाजो अमन पारीक 11 रन पर 6 विकेट, मोहम्मद जैद 15 रन पर 2 विकेट तथा वरूण 18 रन पर 2 विकेट की शानदार गेंदबाजी के समक्ष नहीं टिक सका और बारवाल क्रिकेट एकेडमी की पूरी टीम 13.1 ओवर में ही मात्र 57 रन बनाकर सीमट गई। जवाबी पारी में कप्तान केशव तिवाड़ी 34 रन नाबाद तथा प्रथम मिश्रा 9 रन नाबाद तथा 15 अतिरिक्त रनों की मदद से विजय लक्ष्य 58 रन 6.2 ओवर में ही आसिल कर 10 विकेट से अपनी टीम को आसान जीत दिला दी। इससे पूर्व आज प्रतियोगिता का उद्घाटन सुनील शर्मा चेयरमैन सुरेशज्ञान विहार यूनिवर्सिटी जगतपुरा ने खिलाड़ीयों से परिचय प्राप्त कर किया। मैन ऑफ दा मैच अमद पारीक (11 रन पर 6 विकेट) बिमल क्रिकेट एकेडमी रहे। प्रतियोगिता का अगला मैंच सोमवार 24 फरवरी 2025 को खेला जायेगा।

## हिमाक्षी पुरोहित ने अंडर-17 कैडेट फेंसिंग में जीता स्वर्ण पदक

जयपुर, 20 फरवरी। राजस्थान के डूंगरपुर जिले की उभरती हुई फेंसर हिमाक्षी पुरोहित ने द्वितीय अस्मिता खेलो इंडिया फेंसिंग लीग में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-17 कैडेट फॉयल स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 15 से 19 फरवरी 2025 तक हल्द्वानी, उत्तराखंड में आयोजित हुआ, जिसमें देशभर के बेहतरीन युवा फेंसिंग खिलाड़ियों ने भाग लिया। हिमाक्षी ने अपनी असाधारण कौशल, तेज़ी और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराकर इस कठिन प्रतियोगिता में विजय प्राप्त की। यह जीत उनके खेल के प्रति समर्पण और कठोर प्रशिक्षण का प्रमाण है, जिसे उन्होंने अपने कोचों के मार्गदर्शन में हासिल किया है। राजस्थान फेंसिंग एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने हिमाक्षी पुरोहित को उनकी शानदार उपलब्धि पर बधाई दी। हिमाक्षी का अगला लक्ष्य आगामी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में अपनी जीत की लय को बनाए रखना और फेंसिंग की दुनिया में और भी अधिक प्रतिष्ठा प्राप्त करना होगा।





## कोहली ने एकदिवसीय मैचों में सबसे अधिक कैच पकड़ने के अजहर के रिकॉर्ड की बराबरी की

दुबई, 20 फरवरी । भारत के स्टार बल्लेबाज और चुस्त क्षेत्ररक्षक विराट कोहली ने एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे अधिक कैच पकड़ने के पूर्व भारतीय कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन के लंबे समय से चले आ रहे रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। कोहली ने गुरुवार को दुबई में बंगलादेश के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी मैच में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने आज के मैच में नजमुल शान्तो और जाकेर अली के कैच पकड़े। कोहली और अजहरुद्दीन अब 156 कैच लेकर संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। उन्होंने एकदिवसीय मैचों में 140 कैच पकड़ने वाले महान सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया है। इसके अलावा राहुल द्रविड़ 124 कैच के साथ चौथे स्थान पर हैं। शानदार क्षेत्ररक्षण करने वाले सुरेश रैना 102 कैच के साथ शीर्ष पांच में शामिल हैं। इस बीच, भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने 200 एकदिवसीय विकेट लेने वाले संयुक्त दूसरे सबसे तेज गेंदबाज बनकर इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया है।उन्होंने पाकिस्तान के सकलैन मुश्ताक की बराबरी करते हुए महज 104 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की। मोहम्मद शमी ने आज बंगलादेश के पांच बल्लेबाजों को आउट किया।

### इवेंट के बादशाह हैं मोहम्मद शमी

# चैंपियंस ट्रॉफी के पहले ही मैच में की रिकॉर्ड तोड़ गेंदबाजी



दुबई 20 फरवरी । आईसीसी वनडे टूर्नामेंट के साथ भारतीय गेंदबाज मोहम्मद शमी बेहतरीन तालमेल है। यही कारण है की मोहम्मद शमी भारत के सबसे सफल गेंदबाज आईसीसी वनडे टूर्नामेंट में बन गए हैं। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के पहले ही मैच में मोहम्मद शमी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पंजा खोला और भारतीय टीम के लिए मैच जीतने के दरवाजे खोल दिए। शमी ने जसप्रीत बुमराह की कमी खलने नहीं दी है जो चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हैं।मोहम्मद शमी ने इस मुकाबले के दौरान तीसरा विकेट लेते ही 200 विकेट वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में पूरे किए। सबसे कम गेंदों में वे इस उपलब्धि पर पहुंचने वाले पहले गेंदबाज बने।शमी ने 10 ओवर गेंदबाजी की, कुल 53 रन देकर उन्होंने 5 विकेट अपने नाम किए। ये आईसीसी इवेंट में उनका पांचवां फाइव विकेट हॉल था। अभी तक कोई भी गेंदबाज 3 से ज्यादा बार आईसीसी वनडे टूर्नामेंट में 5 विकेट हॉल प्राप्त नहीं कर पाया है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि आईसीसी वनडे टूर्नामेंट में कितने खतरनाक हैं।

### चोटिल फखर जमान चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर

कराची 20 फरवरी। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज फखर जमान चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गये है।

फखर को कल टूर्नामेंट की शुरुआती मुकाबले शाहीन शाह अफरीदी की गेंद पर विल यंग की गेंद पर कवर ड्राइव का पीछा करते हुए चोट लग गई थी और मैदान में उपचार के बाद उन्हें बाहर जाना पड़ा था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने फखर की जगह इमाम-उल-हक को टीम में शामिल करने की मंजूरी दे दी है।

## वनडे क्रिकेट में 11 हजारी बने रोहित शर्मा

दुबई 20 फरवरी । बांग्लादेश के खिलाफ खेले जा रहे चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दूसरे मुकाबले में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। अपनी पारी में 14 रन बनाते ही रोहित ने वनडे क्रिकेट में 11 हजार रन पूरे कर लिए हैं। ये कारनामा करने वाले वह चौथे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। इस मामले में रोहित ने सचिन तेंदुलकर को पछाड़ा है जबकि विराट कोहली अब भी पहले स्थान पर हैं। रोहित ने इस मुकाबले में 36 गेंदों में 41 रन की पारी खेली और इस दौरान उन्होंने 7 चौके भी लगाए। रोहित ने बांग्लादेश के खिलाफ अपनी पारी के दौरान वनडे फॉर्मेट में 11 हजार रन पूरा करने का कमाल किया। उन्होंने 261वें पारी में ये कमाल किया और सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया। सचिन तेंदुलकर ने वनडे में 11,000 रन 276 पारियों में पूरा किया था और अब रोहित शर्मा वनडे में दूसरे सबसे तेज 11 हजार रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। वर्ल्ड क्रिकेट में वनडे में सबसे कम पारियों में 11 हजार रन बनाने का रिकॉर्ड विराट कोहली के नाम पर दर्ज हैं जिन्होंने 222 पारियों में किया था।

**फिर लेग स्पिन के आगे कमजोर पड़े विराट कोहली, पिछली 6 पारियों में 5वीं बार बने शिकार :** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में बांग्लादेश के खिलाफ भारत के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली का बल्ला नहीं चला। वह 38 गेंदों में 22 रन देकर बनाकर अपना विकेट गंवा बैठे। इस दौरान वह अपनी पारी के दौरान संघर्ष करते हुए दिखे। सबसे बड़ी परेशानी की बात ये है कि वह एक बार फिर लेग स्पिन पर आउट हुए।2024 से अबतक 6 पारियों में 6 बार विराट कोहली स्पिन पर आउट हुए हैं। इनमें से 4 बार लेग स्पिनर ने आउट किया है। श्रीलंका दौरे पर 3 वनडे मैचों में 2 बार लेग स्पिन पर आउट हुए थे। एक बार बाएं हाथ के स्पिनर ने आउट किया था। इसके 2025 में फरवरी में इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में कोहली 2 मैच खेले। दोनों मैच में आदिल रशीद ने आउट किया। इस तरह कोहली 2024 से 5 बार लेग स्पिनर्स के खिलाफ आउट हुए हैं। इन 5 पारियों में 51 गेंद पर 6.20 के औसत और 60.78 के स्ट्राइक रेट से 31 रन बनाए हैं।

## गुजरात और केरल के बीच फाइनल के लिये कांटे की जंग

अहमदाबाद 20 फरवरी । प्रियांक पांचाल (148) की शतकीय, जयमीत पटेल (नाबाद 74) और आर्य देसाई (73) की अर्धशतकीय पारियों की मदद से गुजरात ने रणजी ट्रॉफी के पहले समीफाइनल मुकाबले के चौथे दिन गुरुवार को केरल के खिलाफ सात विकेट पर 429 रन बना लिये। हालांकि वह अभी भी केरल के पहली पारी में बनाये गये 457 के स्कोर से 28 रन पीछे है। गुजरात ने कल के एक विकेट पर 221 रन के स्कोर से आज आगे खेलना शुरु किया।

आज सुबह के सत्र में जलज सक्सेना ने मनन हिंगराजिया (33) को पगबाधा आउटकर केरल को दूसरी सफलता दिलाई। इसके बाद उन्होंने प्रियांक पांचाल (148) को आउट कर गुजरात को बड़ा झटका दिया। उर्विल पटेल (25), हेमांग पटेल (27), कप्तान चिंतन गजा (दो) और विशाल जायसवाल (14) रन बनाकर आउट हुये।

आज स्टंप के समय गुजरात ने सात विकेट पर 429 रन बना लिये हैं और जयमीत पटेल (नाबाद 74) और सिद्धार्थ देसाई (नाबाद 24) क्रीज पर मौजूद थे। केरल की ओर से जलज सक्सेना ने चार विकेट लिये। एम डी निधीष, एनपी बासिल और आदित्य सरवटे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



# धारीवाल ने कोचिंग सेंटर्स में काउंसलर्स नहीं रखने का मुद्दा उठाया तो मचा हंगामा

**-विधानसभा संवाददाता-**

**जयपुर**। कांग्रेस विधायक शांति धारीवाल ने कोचिंग सेंटर्स में काउंसलर्स नहीं रखने को लेकर गुरुवार को विधानसभा में सवाल उठाए, जिस पर सदन में हंगामा मच गया।

दरअसल धारीवाल का सवाल लंबा हो रहा था और स्पीकर ने उन्हें टोकते हुए कहा कि आप सवाल पूछिए, भाषण मत दीजिए। इस दौरान धारीवाल की भाजपा विधायकों से भी बहस हो गई। नेता प्रतिपक्ष ने बीच में टोकाटाकी पर नाराजगी जताते हुए कहा कि मंत्री ही सदन में बाधा डाल रहे हैं।

शांति धारीवाल ने कोचिंग संस्थानों में काउंसलर रखने की केंद्र की गाइडलाइन के बावजूद इसका पालन नहीं होने पर सवाल उठाया। धारीवाल ने कहा कि सरकार ने कोचिंग सेंटर्स में जाकर यह चेक क्यों नहीं किया कि कहां काउंसलर है या नहीं।

इस पर स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि कोचिंग सेंटर में पढ़ने वाले बच्चों की मेंटल हेल्थ के लिए काउंसलर रखने का प्रावधान है। जयपुर, कोटा और जोधपुर में काउंसलर रखे भी गए हैं।

राज्य सरकार कोचिंग सेंटर्स को लेकर बिल भी लाने जा रही है। यह बिल इसी सत्र में लाया जाएगा। अभी जब तक बिल नहीं आ जाता, तब तक सरकार के पास कोचिंग सेंटर में जाकर दखल देने का कानूनी अधिकार नहीं है। हम कोचिंग सेंटर्स पर जाकर दादागिरी नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा प्रदेश में 105 साइकोलॉजिस्ट एवं 270 काउंसलर की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके माध्यम से कोटा जिले में हो रहे आत्महत्या के मामलों को नियंत्रित किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि चिकित्सा विभाग द्वारा संचालित टेली मानस हेल्पलाइन नंबर 1889 एवं 14416 के माध्यम से भी प्रदेश के युवाओं को मानसिक स्वास्थ्य की सेवाएं प्रदान की जा रही है। प्रदेश में गत डेढ़ वर्ष में इस हेल्पलाइन नंबर पर 27 हजार कॉल्स प्राप्त कर उनकी काउंसलिंग की गई है।

- **धारीवाल ने पूछा सरकार ने कोचिंग सेंटर्स चेक क्यों नहीं किए?**
- **मंत्री खीवसर ने जवाब दिया कि ''राज्य सरकार कोचिंग सेंटर्स को लेकर बिल इसी सत्र में लाएगी''**

इससे पहले विधायक शांति धारीवाल के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में उन्होंने बताया कि विगत एक वर्ष में कोटा में कोचिंग प्राप्त कर रहे कुल 19 छात्रों ने आत्महत्या की है। छह जुलाई 2023 की विभागीय स्वीकृति द्वारा सॉइकोलोजिकल काउंसलिंग सेंटर की स्थापना कर तीन पद क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट एवं छह पद काउंसलर के सृजित करने की स्वीकृति जारी की गई थी। वर्तमान में नवीन चिकित्सालय कोटा में स्थित सॉइकोलोजिकल काउंसलिंग सेन्टर में एक साइकोलॉजिस्ट एवं चार काउंसलर संविदा पर कार्यरत हैं। सॉइकोलोजिकल काउंसलिंग सेन्टर में काउंसलिंग का कार्य साइकोलॉजिस्ट विभाग में पदस्थापित फैकल्टी, रेजीडेंट चिकित्सकों एवं क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट द्वारा संपादित किया जा रहा है। वर्ष 2024 में इस सेन्टर में कुल 462 छात्रों की काउंसलिंग अथवा उपचार किया गया है।

# अधिक से अधिक लोगों को सहकारिता के माध्यम से लाभान्वित करें : दक



**सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने गुरुवार को नेहरू सहकार भवन में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष से संबंधित प्रदेश की वार्षिक कार्ययोजना एवं कैलेण्डर का विमोचन किया।**

**जयपुर**। सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के दौरान राज्य में सहकारी आन्दोलन को अधिक मजबूत बनाने और अधिक से अधिक लोगों को सहकारिता से जोड़ने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि सहकारी संस्थाओं में पारदर्शिता बढ़नी चाहिए ताकि लोगों का विश्वास सहकारिता में कायम रहे।

मंत्री गुरुवार को नेहरू सहकार भवन में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष से संबंधित प्रदेश की वार्षिक कार्ययोजना एवं कैलेण्डर के विमोचन के बाद राज्य स्तरीय कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में प्रदेश भर से सहकारिता विभाग के अधिकारी-कर्मचारी वीडियो कॉंफ्रेंस से माध्यम से शामिल हुए।

दक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया है, लेकिन देश में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में सहकारिता क्षेत्र को मजबूत बनाने की दिशा में वर्ष 2021 से ही कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि 'सहकार से समृद्धि' के अंतर्गत 54 पहलों के माध्यम से देश में सहकारी सेक्टर सशक्त हो रहा है। जीडीपी में सहकारिता क्षेत्र का योगदान 40 प्रतिशत हो, इसके लिए सभी को अपनी भूमिका समझते हुए कर्तव्यों का जिम्मेदारी से निर्वहन करना होगा।

- **अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के दौरान पूरे वर्ष आयोजित होंगी गतिविधियां**
- **सशक्त होगा सहकारी आन्दोलन, 'सहकार से समृद्धि' का संकल्प होगा साकार**

कार्यक्रम में अतिरिक्त रजिस्ट्रार इन्दर सिंह, संजय पाठक, भोमाराम एवं संदीप खण्डेलवाल ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के दौरान पूरा विभाग दोगुने उत्साह के साथ काम करेगा और राज्य को देश में रोल मॉडल स्टेट के रूप में स्थापित करेगा। इस अवसर पर सभी फंक्शनल अधिकारियों सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# मशहूर संगीतकार मदनमोहन की लाडली संगीता गुप्ता का निधन

**-प्रकाश भण्डारी-**

**जयपुर**। गज़लों और नज़्मों की रूहानी तर्ज़ों के लिए जाने वाले प्रसिद्ध संगीतकार स्वर्गीय मदनमोहन की लाडली संगीता गुप्ता का गुरूवार को यहां निधन हो गया। वह अपने पीछे पति राजीव गुप्ता और दो पुत्रिया पुतुल और सुहासिनी तथा भरा-पूरा परिवार छोड़ गईं।



स्व.संगीता गुप्ता

संगीता ने अपने पिता की जन्मशताब्दी पर अपने पिता की स्मृतियों पर न सिर्फ लेख लिखा बल्कि अपने संगीतकार पिता के जीवन से सम्बन्धित कई घटनाओं को पृथ्वी हल्दिया द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम में स्वयं मंच पर बैठकर दर्शकों को जानकारी दी। जो बड़ा और मोहक सजीव था। ''इबादत का सफर'' नामक कार्यक्रम में प्रस्तुत इस कार्यक्रम में मदन मोहन जी के संगीत निर्देशन में मजरूह सुलतानपुरी, शैलेन्द्र, राजेन्द्र कृष्ण की नज़्मों को गाकर सुनाया गया था, जिसमें संगीता ने गीतों से जुड़ी अपने पिता की स्मृतियों को रोचक ढंग से पिरोकर पेश किया। संगीता का जन्म बम्बई में हुआ और उनका प्रेम विवाह जयपुर के व्यवसायी राजीव गुप्ता से 1982 में हुआ। बम्बई में पली बड़ी संगीता ने बतौर पत्रकार स्टारडस्ट और ईव्स वीकली में भी कार्य किया और विवाह के बाद वह जयपुर में एक आदर्श गृहणी की तरह अपने पति और उनके परिवार केसाथ रहने लगी।

## सारिका सिंह बनी प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष

**जयपुर**, (का.प्र.)। राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष राखी गौतम के स्थान पर सारिका सिंह को प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा की ओर से छह प्रदेशों की महिला अध्यक्षों की घोषणा में सारिका सिंह को राजस्थान प्रदेश की जिम्मेदारी दी गई है। सारिका सिंह मूल रूप से चूरू जिले की रहने वाली है और नागौर जिले के कुचामन में इनका विवाह हुआ था। वहां वह पर शिक्षा के क्षेत्र से जुड़ी हुई है। सारिका सिंह कांग्रेस के प्रशिक्षण विभाग से लंबे समय से जुड़ी हुई है।



# पानी की समस्या को लेकर भुसावर के लोगों ने एस.डी.एम. कार्यालय पर प्रदर्शन किया

## गांव में जल जीवन मिशन स्कीम पूरी तरह से ठप पड़ी है




भुसावर में गामीणों ने पानी की समस्या के समाधान की मांग को लेकर एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया।

**भुसावर** (निस)। भुसावर में ग्रामीणों ने पानी की समस्या के समाधान की मांग को लेकर एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। भरतपुर के भुसावर उपखंड की ग्राम पंचायत बारौली में

- **एसडीएम राधेश्याम मीणा ने आश्वासन दिया है कि वे जल्द ही इस समस्या का समाधान करवाएंगे।**
- **ग्राम पंचायत बारौली में गंभीर पेयजल संकट उत्पन्न हो गया**

गंभीर पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। स्थिति इतनी विकट है कि ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। गांव में जल जीवन मिशन स्कीम पूरी तरह से ठप पड़ी है। बोरवेल में लगी मोटर और स्टार्टर लगातार खराब हो रहे हैं। पूर्व सरपंच देशराज जाटव के अनुसार, मरम्मत के बाद उपकरण मात्र दो दिन ही चल पाते हैं। परेशान ठामीण एसडीएम राधेश्याम मीणा से मिले। उन्होंने तत्काल अधिकारियों को फोन कर समस्या के समाधान के निर्देश दिए। ठामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे जिला कलेक्टर से मिलेंगे। जिला परिषद सदस्य क्षमा देशराज सिंह ने बताया कि पानी की कमी से न केवल लोग परेशान हैं, बल्कि पशुओं को भी पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। ठामीणों का आरोप है कि शिकायत करने पर अधिकारी-कर्मचारी उचित जवाब भी नहीं देते हैं। एसडीएम राधेश्याम मीणा ने आश्वासन दिया है कि वे जल्द ही इस समस्या का समाधान करवाएंगे।

## बेटे से नशे का धंधा करवाने वाला पिता गिरफ्तार

**करौली ।** करौली के लांगरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने ऑपरेशन स्मैक आउट के तहत एक बड़ी कार्यवाही कि है। पुलिस ने कंचनपुर निवासी 45 वर्षीय रामस्वरूप मीणा को गिरफ्तार किया है। आरोपी एक स्मैक तस्कर का पिता है। पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में चल रहे इस अभियान की जानकारी देते हुए थाना अधिकारी वासुदेव बसवाल ने बताया कि आरोपी अपने बेटे रवि को स्मैक की तस्करी के लिए अपनी मोटरसाइकिल देता था। पुलिस टीम आरोपी से स्मैक की खरीद-फरोख्त से जुडे अन्य मामलों की जानकारी जुटा रही है। जिले में नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार कार्यवाही कर रही है। इस मामले में पहले ही आरोपी का बेटा गिरफ्तार हो चुका है।

## शोभायात्रा निकली

**सरवाड़,** (निसं)। शहर में माली मोहल्ला स्थित बालाजी मंदिर में दो दिवसीय शिव परिवार की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह कार्यक्रम गुरुवार को भव्य कलश एवं शोभायात्रा निकाली गई यह शोभायात्रा भीमेश्वर महादेव मंदिर परिसर से रवाना होकर बस स्टैंड सदर बाजार व प्रमुख मार्गो से होते हुए खिरिया गेट भवन में पहुंची वही शोभायात्रा में महिलाएं अपने सिर पर कलश रखकर चल रही थी ।

# अवैध खनन पर जिला प्रशासन की बड़ी कार्यवाही

## ब्यावर में अवैध खनन का खुलासा, खनिज विभाग ने ठोका भारी जुर्माना

- **अवैध खनन पर प्रशासन की सख्ती, खदान संचालक पर भारी आर्थिक दंड**
- **ब्यावर में खनन अनियमितता पकड़ी गई, प्रशासन ने ठोकी करोड़ों की पेनल्टी**
- **अवैध खनन पर चला प्रशासन का हंटर, 2.82 करोड़ का नोटिस जारी**

**ब्यावर** (निसं) जिला कलेक्टर डॉ. महेंद्र खडगावत के निर्देशानुसार अवैध खनन के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाही के तहत खनिज विभाग द्वारा ठााम रावतमाल, तहसील ब्यावर, जिला ब्यावर में स्थित खनन पट्टा संख्या 311/2007 (खनिज क्वार्ट्ज एवं फेल्डस्पार) का औचक निरीक्षण एवं सर्वे किया गया।

निरीक्षण के दौरान मौके पर खनन कार्य बंद पाया गया, लेकिन पट्टा क्षेत्र में तीन खनन पिट्स मिले, जिनकी पैमाइश करने पर पता चला कि इन पिट्स से लगभग 21,341 टन खनिज का उत्खनन किया जा चुका है।खनिज विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार, पट्टाधारी मैसर्स मातृपिता अर्थ प्रोडक्ट द्वारा अब तक कुल 44,877 टन खनिज का निर्गमन किया गया था, जबकि सर्वेक्षण में पाया गया कि खदान से मात्र 21,341 टन खनिज ही निकाला गया था। इससे स्पष्ट होता है कि पट्टाधारी ने खनन क्षेत्र का दुरुपयोग कर अन्य अवैध स्त्रोतों से प्राप्त खनिज का निर्गमन किया है।इस अनियमितता को ध्यान में रखते हुए पट्टाधारी के विरुद्ध रवन्ना दुरुपयोग का प्रकरण बनाकर 2,82,43,128/- (दो करोड बयासी लाख तैतालीस हजार एक सौ अट्ठाईस रुपये) की मांग हेतु नोटिस जारी किया गया है एवं अठिाम कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।जिला प्रशासन एवं खनिज विभाग द्वारा की गई इस सख्त कार्रवाई से अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों को स्पष्ट संदेश दिया गया है कि किसी भी प्रकार की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला कलेक्टर डॉ. महेंद्र खडगावत के नेतृत्व में प्रशासन की यह प्रतिबद्धता दर्शाती है कि जिले में अवैध खनन को रोकने के लिए कठोर कदम उठाए जा रहे हैं। इस कार्रवाई के बाद आस पास के अवैध खनन करने वाले लोगों में हडकंप मच गया। उन्होंने अपने सामानों को इधर उधन करना शुरु कर दिया।

## मंदिर के पास डेढ़ सौ से अधिक कबूतर मृत मिले

**मालपुरा** (निस)। टोडारायसिंह क्षेत्र की ग्राम पंचायत दाबडदुम्बा के शुभदण्ड टोपा गांव मे सगस बाबा मंदिर परिसर के पास गुरूवार को अनुमानित डेढ़ सौ से अधिक कबूतर मृत मिले। ग्रामीणो को इतनी बडी संख्या मे कबूतरो की मौत की मिली जानकारी पर तत्काल वन विभाग कार्यालय के सुपुर्द किया गया। वन मित्र कमलेश गुर्जर, पप्पूराम गुर्जर, जीतराम चौधरी, लक्ष्मी नारायण प्रजापत, मुकेश चौधरी, चेतन मीणा, खुशीराम प्रजापत, चेतन मीणा, मुकेश तत्काल मौके पर पहुंचे व मौजूद ग्रामीणो क सहयोग से मृत कबूतरों को दफनाया । करीब दो दर्जन अचेत कबूतरों का पशु चिकित्सालय में उपचार शुरू किया । वन मित्रों व ग्रामीणों ने सम्भवत्या जहरीला दाना खाने से कबूतरो की मौत होने का अंदेशा जताया गया है।

# दिन दहाड़े मकान से जेवरात व नगदी चोरी की वारदात का खुलासा

- **दो आरोपी हीरासिंह उर्फ महेन्द्र व रोशन उर्फ इकबाल को गिरफ्तार किया**
- **चोरी का सम्पूर्ण माल बरामद**
- **चोरी की वारदात में प्रयुक्त वाहन मोटर साइकिल यामाहा आर 15 की जब्त**
- **आरोपियों ने आधा दर्जन के करीब वारदाते करना किया स्वीकार**

**ब्यावर** (निसं) जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व वृताधिकारी के निकट सुपरविजन मे थानाधिकारी सदर डॉ. नवल किशोर उप निरीक्षक मय गठित टीम द्वारा दिन दहाडे सुने मकान से सोने चांदी के जेवरात चोरी करने की वारदात का खुलासा करते हुऐ दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में मिली सफलता वारदात में प्रयुक्त वाहन मोटर साईकिल को किया जब्त ।गौरतलब है की 19.फरवरी को परिवादी शाहबुदीन निवासी मातकी (झक) ने पुलिस थाना ब्यावर सदर पर एक प्रकरण दर्ज करवाया कि 18.फरवरी को मैं व मेरी पत्नि दोनों ठााम लालावास का बाडिया गये हुऐ थे। वहां से शाम के समय जब वापस घर आये तो देखा कि मेरे मकान का ताला टुटा हुआ था तथा अन्दर सामान बिखरा हुआ था। कमरे में रखी अलमारी का भी ताला टूटा हुआ था। अलमारी को देखा तो उसमें रखे नगद 22,000 रूपये, चांदी की पायजेब जोडी, बिछुडीयां आदि चोर चोरी कर ले गये जबकि गांव वालो ने उन्हें देखा जिनके पास मोटर साईकिल भी थी।

पुलिस द्वारा प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए अज्ञात चोरो व चोरी गये माल की तलाश आरम्भ की गई। थाने स्तर पर पुलिस टीम का गठन कर मुखबीर से प्राप्त सुचना के आधार पर दो संदिग्ध मोटर साईकिल चालक को डिटेन किया जाकर गहनता से पूछताछ कि गई जिस पर घटना को स्वीकार किया गया। पूछताछ में आरोपीयो हीरासिंह उर्फ महेन्द्र पुत्र मदन सिंह जाति रावत उम्र 20 साल निवासी मोहनपुरा , रोशन उर्फ इकबाल पुत्र मेघा चीता जाति चीता उम्र 21 साल निवासी मोहनपुरा ने बताया की हम श्रीनगर, नसीराबाद, पीपलाज, ब्यावर, सेन्दड़ा व आस पास के गांवो में मोटर साईकिल लेकर घूमते है और रैकी करते है तथा पहचान छिपाने हेतु मुंह बांधकर रखते है ताकि उनकी पहचान नहीं हो सके। आस पास के गांवों में सूने मकान में मौका देख कर प्रवेश कर ताले तोडकर जैवरात, नगदी की चोरी कर अपनी मोटर साईकिल से भाग जाते है। मौके से भागने के लिए तेज भागने वाली मोटर साईकिल यामाहा आर 15 रखते है ताकि उनका पीछा किये जाने पर पकड में आने से बचा जा सके। चोरी किये गये जैवरात, नगदी से अपने महंगे शौक पूरा करते है।

अभियुक्तगण द्वारा श्रीनगर, नसीराबाद, पीपलाज, ब्यावर, सेन्दड़ा ईलाके में भी चोरी/नकबजनी करना स्वीकार किया है तथा ब्यावर व अजमेर जिले में करीब एक दर्जन से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज है। डॉ. नवल किशोर उप निरीक्षक थानाधिकारी सदर की पुलिस टीम में तेजमल सहायक निरीक्षक और कांस्टेबल प्रदीप ,छोटलराम,धर्माराम ,मनोज, सुखपाल, हरेन्द्र आदि थे।

## उपचार शिविर आयोजित

**मसूदा,** (निसं)। निशुल्क पशु चिकित्सा एवं बांझपन निवारण शिविर का आयोजन किया गया राजकीय पशु चिकित्सालय, केलू एवं मोबाइल पशु चिकित्सा यूनिट, मसूदा के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय पशु चिकित्सा एवं बांझपन निवारण शिविर का आयोजन देवमाली ठााम पंचायत के रूपपुरा -पिथावास गांव में किया गयाः शिविर के दौरान निशुल्क 103 बीमार पशुओं का उपचार, मिनरल मिक्सचर वितरण एवं 1 बांझ पन परीक्षण किया गयाt पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार सुन्वासिया ने विभाग ने निःशुल्क मिनरल मिक्सचर वितरित कर, मिनरल मिक्सचर के पशुओ के फायदे की जानकारी दी t मोबाइल यूनिट मसूदा प्रभारी अधिकारी डॉ. रमेश कुमार चौधरी ने पशु पालको को सबसे ज्यादा आर्थिक नुकसान करने वाले पशु का थनेला रोग से बचाव के उपाय बताए।पशुधन निरीक्षक हेमराज कुम्हार एवम् दिनेश गुर्जर द्वारा मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा में रजिस्ट्रेशन कर पशु पालकों को लाभान्वित किया एवं निशुल्क बीमा योजना की प्रक्रिया से अवगत करवाया t शिविर के दौरान जसराज गुर्जर, गुर्जर आदि ठााम वासी उपस्थित रहे।

## जैसलमेर के महंत की भीलवाड़ा के पास सड़क हादसे में मौत



**भीलवाड़ा।** जिले के मांडल थाना क्षेत्र में अजमेर-भीलवाड़ा हाइवे स्थित रायसिंहपुरा के नजदीक गुरुवार सुबह एक स्विफ्ट कार आगे चल रहे ट्रेलर से जा भिड़ी, हादसे में कार सवार जैसलमेर के महंत ब्रह्मपुरी गोस्वामी की मौत हो गई, जबकि चालक घायल हो गया। महंत का शव राजकीय अस्पताल में शवगृह में सुरक्षित रखवाया गया है । जिसका पोस्टमार्टम परिजनों के आगरा से आने के बाद करवाया जायेगा।

जानकारी के अनुसार, जैसलमेर के महंत ब्रह्मपुरी (65) पुत्र लालपुरी गोस्वामी, रामनगर कॉलोनी, जैसलमेर निवासी चालक अशोक पुत्र हेमदास वैष्णव के साथ स्विफ्ट कार से कार्यवश जैसलमेर से मंदसौर जा रहे थे।

इनकी कार गुरुवार सुबह करीब दस बजे रायसिंहपुरा के नजदीक पहुंची और आगे चल रहे ट्रेलर से जा भिड़ी। हादसे में महंत ब्रह्ममपुरी गोस्वामी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं चालक अशोक घायल हो गया। सूचना पर मांडल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और महंत के शव को कार से निकलवा कर राजकीय अस्पताल स्थित शवगृह भिजवा दिया। वहीं चालक अशोक का प्राथमिक उपचार करवाया गया। महंत की पहचान उनके पास मिले आधार कार्ड से की गई। पुलिस ने मृतक महंत के परिजनों को सूचना दे दी है, उनके आने के बाद ही शव का पोस्टमार्टम करवाया जायेगा। पुलिस ने हादसे का शिकार हुए ब्रह्मपुरी गोस्वामी उर्फ गोपाल गुप्ता के भतीजे अखिलेश गुप्ता से संपर्क कर उन्हें इस हादसे की जानकारी दी तो सामने आया कि ब्रह्मपुरी मूल रूप से आगरा, यूपी के रहने वाले हैं, जो दस-पन्द्रह साल की उम्र में ही महाराज बन गये थे। वे, आगरा छोडक़र जैसलमेर चले गये और वहीं रह रहे थे। पुलिस को महंत ब्रह्मपुरी गोस्वामी के पास एक पर्ची मिली।

## ब्यावर महिला समिति की वन यात्रा

**ब्यावर** (निसं) एकल अभियान अंचल अजमेर के राजियावास संच के दो विद्यालय ठाामोनरबद खेड़ा व राजियावास में वन बंधु परिषद ब्यावर महिला समिति की वन यात्रा हुई। वन यात्रा में वन बंधु परिषद महिला समिति की अध्यक्ष संतोषी देवी रांका, सलाहकार मंजू भूतड़ा, सचिव उषा मोदी, राजियावास सरपंच बृजपाल सिंहव वन बंधु परिषद के सदस्य उपस्थित थे। वन यात्रा में देश भक्ति गीत, बालगीत, कहानी, दोहा आदि बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया। ठाामीणों द्वारा महिला समिति का स्वागत किया गया। महिला समिति द्वारा बच्चों को बिस्किट, पेन, कॉपी, पेंसिल, पानी की बोतल, बच्चों के खेलने के लिए वॉलीबॉलआदि सामठाी निशुल्क वितरण किये गए। सभी ठाामवासियों ने महिला समिति का आभार और धन्यवाद अर्पित किया। वन यात्रा में अभियान के कार्यकर्ता राजियावास के संच प्रमुख भेरू सिंहऔर आचार्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में संरक्षक मंजू भूतड़ा, अध्यक्ष संतोष रांका,सचिव उषा मोदी, रेनू काबरा, श्रद्धा नवल, रमा हरकुट, आदि मौजूद थे।

# रेल कर्मचारी शुक्रवार को करेंगे विरोध प्रदर्शन

**गंगापुर सिटी ।** ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन एवं वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन के आव्हान पर रेल कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर अखिल भारतीय स्तर पर 21 फरवरी शुक्रवार को मनाये जा रहे अखिल भारतीय मांग दिवस के अवसर पर गंगापुर सिटी में यूनियन की चारों शाखाओं के संयुक्त तत्वाधान में रेल कर्मचारी मुंबई अमृतसर 2903 स्वर्ण मंदिर मेल पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। यूनियन कार्यालय में विरोध प्रदर्शन की तैयारी को लेकर यूनियन कार्यकर्ताओं की मीटिंग आयोजित की गई। यूनियन के मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन ने बताया कि रेलवे में हजारों की संख्या में खाली पद चल रहे है। रेल कर्मचारियों की भर्ती नहीं हो रही है। रेलवे कॉलोनी में गंदगी का आलम है जगह-जगह कचरा के ढेर लगे हुए हैं ।रेलवे आवासों की स्थिति बहुत ज्यादा खराब हो चुकी है। रनिंग कर्मचारियों से 8 घंटे से अधिक ड्यूटी करवाई जा रही है ।रेल कर्मचारीयो के ड्रेस एलाउंस में बढोतरी होना आवश्यक है इसी प्रकार रेल कर्मचारियों के लिए कैडेर रिस्ट्रिक्चरिंग लागू करनी चाहिए वर्तमान में कैडर संरचना में भारी अनियमितताएं चल रही है जिससे कर्मचारियों के पदोन्नति रुकी हुई है। इसके लिए जरूरी है कि जल्दी से जल्दी कैडेट रिस्ट्रिक्चरिंग लागू की जाए। रेलवे में निजीकरण, निगमीकरण एवं आउटसोर्सिंग पर रोक लगाई जाए ।कर्मचारियों की कार्यस्थलो की स्थिति में सुधार किया जाए सहित कई मांगों को लेकर रेल कर्मचारी 21 फरवरी को पूरे देश में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं ।आज अखिल भारतीय मांग दिवस की तैयारी को लेकर गंगापुर सिटी में यूनियन कार्यालय में स्थानीय यूनियन कार्यकर्ताओं की मीटिंग की गई।

## शिविर आसीन्द ब्लॉक में प्रारम्भ

**आसीन्द ।** आसीन्द ब्लॉक में आंगन बाड़ी कार्यकर्ताओ को नई शिक्षा नीति के तहत 0-6 वर्ष के बच्चों की पढाई और पोषण का महत्व बढाने हेतू बाल विकास परियोजना आसीन्द द्वारा 'पोषण भी पढ़ाई भी' तीन दिवसीय गैर-आवासीय प्रशिक्षण प्रारम्भ हुआ । उपखण्ड अधिकारी भरत गुर्जर द्वारा आँगनबाडी कार्यकर्ताओ को 0-6 वर्ष के बच्चों के उत्तम स्वास्थ्य पोषण एवं पढाई के लिए प्रेरित किया तथा इस दौरान तहसीलदार श्रीमति अरुणा लाडोती द्वारा भी आंगनबाडी कार्यकर्ताओ को प्रेरित किया, श्रीमान बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रवीण मीना द्वारा बच्चों में कुपोषण को दूर करना, बजन लम्बाई मापण आहार विविधता आदि से सम्बखित जानकारीयां दी गई। कार्यक्रम में महिला परिवेशक इंद्रा वैष्णव, ललिता सोलंकी, ज्योति पंचोली एवं अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी रोशन लाल जीनगर उपस्थित रहे।

# मनोहरपुर पुलिस ने 1 करोड़ 27 लाख 20 हजार रुपए की अवैध अंग्रेजी शराब जप्त की

**मनोहरपुर।** जिला डिएसटी टीम जयपुर ग्रामीण की आसूचना पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए गुरुवार को आबकारी अधिनियम में एक प्रकरण दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार पर भारी मात्रा में पंजाब निर्मित अवैध अंठोजी शराब में ट्रक को जप्त किया गया। इसी प्रकार युवा पीढ़ी को नशे के चंगुल में फंसाने वाले अपराधियों के विरुद्ध ऑपरेशन नॉकआउट अभियान के तहत बडी कार्रवाई कर एनडीपीएस एक्ट के तहत दो प्रकरण दर्ज कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में प्रतिबंधित ट्रामाडोल कैप्सूल व अवैध मादक पदार्थ स्मैक व वाहन मोटरसाइकिल व सेंट्रो कार जप्त की गई।इस दौरान

आईपीएस आनंद शर्मा जयपुर ठाामीण ने जानकारी देते हुए बताया कि ऑपरेशन नॉक आउट अभियान के तहत जिला जयपुर ठाामीण रजनीश पूनिया आईपीएस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निकटतम सुपरविजन में समाज में विशेष कर युवा वर्ग में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति के कारण हो रहे पतन को देखते हुए अवैध नशा कारोबार में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध ऑपरेशन नॉकआउट अभियान चलाया जा रहा है जिसमें पुलिस थाना रायसर चंदवाजी एवं मनोहरपुर थाना क्षेत्र में अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन कर ऑपरेशन नॉकआउट अभियान चले जा रहा है।

**पुलिस टीम का विवरण :** रघुवीर सिंह, उप निरीक्षक थानाधिकारी रायसर, गोपाल हैड कानि,मुकेश कानि. हरिओम कानि. बुद्धराम कानि. सुरजमल चालक कानि, (पुलिस थाना रायसर) भगवान सहाय पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी मनोहरपुर, लीलाधर हैड कानि. राजेन्द्र कानि. राकेश कानि. सुरेन्द्र सिंह चालक कानि, रमेश चन्द कानि. सुरजमल कानि. रामचन्द्र कांनि.(पुलिस थाना मनोहरपुर) रजनी उ.नि.. रामस्वरूप स.उ.नि.. रोहिताश कानि. रोहिताश कानि, सुभाष चन्द कानि, रामजीलाल कानि, हितेश कानि,

(पुलिस थाना चन्दवाजी) सतेन्द्र हैड कानि. संदीप कानि. राकेश कानि. मनोज कानि. किशन कानि. मनोज कानि. (डीएसटी) मुकेश चौधरी (औषधी एवं नियंत्रण अधिकारी) को सफलता प्राप्त हुई। मनोहरपुर थाना पुलिस के अधिकारी भगवान सहाय मीणा मय टीम की विशेष भूमिका से दिल्ली जयपुर रोड पर श्री श्याम होटल एंड रेस्टोरेंट के सामने नाकाबंदी कर अवैध शराब का कारोबार करने वाले आरोपी भीमा भाई राजा कटारा (चालक) व अर्जन भाई (खलासी) के कब्जे से विभिन्न ब्रांड की पंजाब निर्मित अवैध अंठोजी शराब की कुल 1060 पेटीयां जिसकी बाजार कीमत 1 करोड़ 27 लाख 20 हजार रुपए है व परिवहन में प्रयुक्त वाहन ट्रक नंबर 25 यू 6334 को जप्त कर अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम प्रकरण दर्ज पर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इसी प्रकार पुलिस थाना चंदवाजी व जिला डीएसटी टीम द्वारा निम्स के पास नाकाबंदी कर तीन आरोपी सुभाष वर्मा, फारुख खान व रईस खान के कब्जे से 18.86 ठााम अवैध मादक पदार्थ स्मैक व प्रयुक्त वाहन सेंट्रो कार को जप्त कर उनको गिरफ्तार किया गया है।

# कार्यशाला में महिलाओं को स्वालम्बी बनाने के लिये गुर बताए




मदनगंज-किशनगढ़ में आनंदी श्री संस्था की ओर से की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया।

**मदनगंज-किशनगढ़** (निस)। आनंदी श्री संस्था की ओर से आनंदी भवन में महिलाओं को स्वालम्बी बनाने के लिये निरंतर कार्यशाला का आयोजन कर पुनीत कार्य में भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। सामाजिक कार्यकर्ता मीनल बाफना ने महिलाओ को एनजीओ से जुड़कर अपने आप को स्थापित करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा की महिलाएं अपने हुनर को समाज के सामने लाकर आत्मनिर्भर बने। अध्यक्ष जयश्री अगरवाल ने बताया की पिछले तीन साल आनंदी संस्था से जुड़ी महिलाएं अपने काम के प्रति काफी उत्साहित है, वे आत्मविश्वास के साथ निरंतर संस्था के लिए कपडा के अनेक आइटम बना रही है। महिलाओ का कहना है की घर का काम निपटाकर समय का सदुपयोग कर अपनी रुचि के काम में लगाते है, इससे आय भी होती है। कृष्णापुरी स्थित बड़े गणेश मंदिर के पास आनंदी हाउस में दोपहर तीन बजे से सांय पांच बजे तक सामान डिस्प्ले रहता है और गिप्ट आइटम आर्डर से तैयार कराये जा रहे है। संस्था से जुडी शिल्पा बरडिया ने कार्यक्रम का संचालन किया। सुनीता जैन, उषा वैष्णव, सूर्या बंसल, अंजू अगरवाल व मानसी गोयल ने सहयोग किया।

## दाधीच बने भारत विकास परिषद के अध्यक्ष

**मेड़ता सिटी,** (निसं)। भारत विकास परिषद शाखा मेड़ता सिटी के चुनाव परिषद के संरक्षक श्री श्याम सुंदर बिरला के मुख्य आतिथ्य में एवं चुनाव अधिकारी भानु प्रकाश टाक डेगाना की देखरेख में बुधवार को मातृ मंदिर में संपन्न हुए। परिषद के प्रांतीय नागौर जिला समन्वयक कृष्ण गोपाल गौड़ ने बताया कि सर्वसम्मति से हुए चुनाव में श्याम सुंदर दाधीच को नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया। सचिव पद पर प्रवीण काबरा, कोषाध्यक्ष पद पर प्रकाश मंत्री को नियुक्त किया गया ।चुनाव में उपाध्यक्ष पद पर राकेश अठावाल एवं दिनेश सोनी एवं सहसचिव पद पर दिनेश प्रजापत और सह कोषाध्यक्ष भिंवराज तोषनीवाल को नियुक्त किया गया। बैठक में परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र बिरला ,जुगल अठावाल, सुरेश चंद पचभैया, रामकिशोर वर्मा, मूलचंद शर्मा, सुरेश पारीक, नंदलाल जोशी, शिवकुमार मिश्रा, धर्मेंद्र सोनी, भगवती लाल टेलर,ताराचंद मारोठिया,ज्योति प्रकाश सोनी, प्रकाश चंद व्यास,देवीलाल गौड़, आदि उपस्थित थे।

# 150 प्रधानाचार्य को विशेष प्रशिक्षण

**ब्यावर** (निसं) राजकीय सेवा कर रहे 150 शिक्षक और 150 प्रधानाचार्य को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 6 दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण के आयोजन में ,प्रतिदिन 50 को प्रशिक्षित किया जा रहा है। राजस्थान महिला कल्याण मंडल चाचियावास अजमेर /शाखा ब्यावर द्वारा यूनिवर्सल डिज़ाइन ऑफ लर्निंग विषय पर 6 दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन राजकीय पटेल उच्च माध्यमिक विधालय के सभागार में किया जा रहा है। प्रशिक्षण शुभारम समारोह में मुख्य अतिथि वीना नाहर संरक्षक- जीतो लेडीज विंग थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अब्दुल हनीफ खान,प्रधानाचार्य रा पटेल उच्च माध्यमिक विधालय व क्षमा आर कौशिक,संस्था सचिव व मुख्य कार्यकारी, संजय सिंह गहलोत,अनिल सिखवाल, राम भाई पंजाबी,समाज सेवी, रण सिंह चीता,उप निर्देशक शिक्षा, अंजली सेन गुप्ता,सुश्री राजेश्वरी शेखावत (संदर्भ व्यक्ति) ने माँ सरस्वती और बाउजी के चरण कमलों में दीप प्रज्वलन करते हुए किया।रण सिंह चीता नें सभी अतिथियो का पुष्प भेंट कर स्वागत किया। क्षमा आर कौशिक ने बताया की अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के वितीय सहयोग से राजस्थान महिला कल्याण मंडल अजमेर द्वारा- 6 दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन17 से 22 फरवरी तक किया जा रहा है। प्रशिक्षण उद्देश्य पर प्रकाश रखते हुवे बताया की दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम 2016 में वर्णित 21 प्रकार दिव्यंगता को समझना एवं उसकी क्षमता को जानकर उसको उचित शिक्षा व मुल्यांकन प्रदान करे जिससे उनका सर्वागीण विकास हो एंव दिव्यांग और गैर दिव्यांग बच्चो को सामूहिक रूप से शिक्षा देकर समावेशी शिक्षा को बढावा देना है। संजय सिहं गहलोत ने बताया की संस्था राजस्थान महिला कल्याण मंडल चाचियावास अजमेर /शाखा ब्यावर द्वारा आयोजित प्रशिक्षण दिव्यांग और गैर दिव्यांग के बच्चो के साथ किये जाने वाले शिक्षण कार्य में सकारात्मक साबित होगा। संस्था द्वारा संचालित संजय स्कूल एंव इनके कार्य को व्यक्तिगत रूप से जानता हूँ। यूनिवर्सल डिजाइन ऑफ लर्निंग विषय पर अयोजित प्रशिक्षण समावेशी शिक्षा एंवम मुल्यांकन में मील का पत्थर सिद्ध होगा।संदर्भ व्यक्ति के रूप में क्षमा आर कौशिक, सुश्री अंजली सेन गुप्ता ने दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम 2016 में वर्णित 21 प्रकार दिव्यंगता की पहचान एंवम यूनिवर्सल डिजाइन ऑफ लर्निंग विषय पर शिक्षा औरमुल्यांकन पदति दैनिक पाठ योजना चेलेंजिंग गतिविधियों आदि विषय पर प्रशिक्षण दिया। शिक्षक फीड बेक में अरविन्द कुमार ने बताया की प्रशिक्षण बहुत ही उपयोगी रहा है। हम सब की दिव्यांग बच्चो की पहचान और उनके अधिकार शिक्षा और मुल्यांकन पदति आदि में समझ बनी। हम संस्था के इस नेक कार्य की प्रंशसा करते है।

## माहवारी में स्वच्छता पर चर्चा

**उदयपुर** , । गिताजंली हॉस्पिटल उदयपुर में राजकीय बालिका उमावि हमीरगढ, सुवाना,भीलवाड़ा की स्कूल की छात्राओं ने बढचढ कर भाग लिया माहवारी में स्वच्छता क्यों जरूरी है और इसका पालन किस तरह से करना चाहिए इस सेशन मे सरलता के साथ डॉ नलिनी शर्मा (सीनियर स्त्री रोग विशेषज्ञ) ने छात्राओं के साथ किया साझा।

स्कूल की छात्राओं का डॉ नलिनी के साथ उत्सुक्ता भरे सवाल व जवाब कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। साथ ही साथ कल्पेश चन्द रजबार हेड मार्केटिंग ने छात्राओं को स्बोधित करते हुऐ कहा की प्रथम अच्छा स्वास्थ्य होगा तो बाकी सारी चीजे जीवन में सम्भव होगी । इसके साथ ही उन्होंने उच्च स्तरीय हॉस्पिटल व उस में होने वाली सुविधाओं के बारे में छात्राओं को अवगत करवाया और हॉस्पिटल के मुख्य विभाग, तकनीक, उपकरणों और उच्च स्तरीय डायलिसिस सुविधा से रूबरू करवाया।

# पेसिफिक फेस्ट में 350 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया

**उदयपुर** , 20 फरवरी। पेसिफिक विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ मैनेजमेन्ट द्वारा दो दिवसीय ऑल इण्डिया मैनेजमेन्ट फेस्ट 'यूनिक्वेस्ट-2025' सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। फेस्ट में भारत के अनेक महाविद्यालयों से आए 350 से अधिक छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया और पुरस्कार जीते।

फैकल्टी ऑफ मैनेजमेन्ट के डीन. प्रो. दिपिन माथुर ने बताया कि महाविद्यालय में रूटीन पठन-पाठन से हटकर विद्यार्थी जब ऐसे फेस्ट में भाग लेता है तो उनके व्यक्तित्व में निखार आता है। तरह-तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने से उसके अन्दर का स्वाभाविक संकोच दूर होता हैं। उन्होंने बताया कि देश भर के छात्र-छात्राओं के 'क्वेस्ट' को शांत करने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से ही पेसिफिक द्वारा विगत 20 वर्षो से प्रति वर्ष इस फेस्ट का आयोजन किया जाता रहा है। मुख्य अतिथि हिमकर दुबे, सीईओ, नैक्साथन ग्लोबल सर्विसेज से थे। उन्होंने आज के दौर में युवा पीढ़ी को ये संदेश दिया कि उन्हें वर्तमान तकनीकि से डरने के बन्जर तालमेल बनाने की जरूरत है और ए.आई व ऑनलाईन टुल्स कि महत्वत्ता के बारे में चर्चा की। फेस्ट के उद्घाटन समारोह में प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए पेसिफिक ग्रुप प्रेसीडेन्ट प्रो. भगवती प्रकाश शर्मा ने अर्थव्यवस्था को मजबुत बनाने के लिये "मेड बाय इण्डिया" पर जोर दिया व युवा की भागीदारी इसको सुनिश्चित करेगी। विवि प्रेसिडेन्ट प्रो. हेमन्त कोठारी ने बताया कि यूवा पीढ़ी को अकादमिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भारतीय संस्कृति से जुडे रहते हुए देश की प्रगति में अपना योगदान को सुनिश्चित करना होगा। फेस्ट संयोजक डा. गौरव कुमार जोशी तथा डा. खुशबु अग्रवाल ने बताया कि पेसिफिक युनिक्वेस्ट ने अपने उच्च स्तरीय आयोजन, विविध प्रतियोगिताओं एवं छात्र-छात्राओं के बड़ी संख्या में सहभागिता के कारण भारत के मैनेजमेन्ट फेस्टिवल्स में अपना एक विशिष्ट स्थान स्थापित कर लिया है। यूनिक्वेस्ट-2025 में डिबेट सर्वश्रेष्ठ वक्ता, जनरल क्विज सवाल-जवाब, प्रस्तुति (फेस पेडिंग, छाया चित्र (ओन द स्पोट फोटोग्राफी), एड गुरू (एड मेड शो), फेशन शो परिधान, कला सृजन (पोस्टर मेकिंग), संग्रह कला (कोलाज) आदि प्रतियोगिताएँ तथा गायन, डांस और रैम्प वॉक मिस्टर-मिस युनिक्वेस्ट आदि सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन हुआ।

# युवाओं ने किया सांस्कृतिक सुंदरता का अनुभव

**उदयपुर**, । नेहरू युवा केंद्र,युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय,भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित अंतर-राज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तीसरे दिन कश्मीरी युवाओं ने उदयपुर की ऐतिहासिक,सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर का अवलोकन किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रसिद्ध सहेलियों की बाडी के भ्रमण से हुई,जहां युवाओं ने मुगल शैली के उद्यान,सुंदर फव्वारे और ऐतिहासिक महत्व को करीब से जाना। इसके पश्चात वे शिल्पग्राम पहुंचे,जहां उन्हें राजस्थान की पारंपरिक कला, हस्तशिल्प और लोकसंस्कृति से रूबरू होने का अवसर मिला। इस दौरान उन्होंने वहां के स्थानीय कलाकारों से संवाद किया और उनके साथ राजस्थानी लोकनृत्य में भाग लिया। वहीं कश्मीरी प्रतिभागियों ने भी अपने पारंपरिक नृत्य और संगीत का प्रदर्शन कर सांस्कृतिक आदान प्रदान को सजीव किया। दोपहर के भोजन के बाद युवाओं को करणी माता मंदिर ले जाया गया जहां उन्होंने मंदिर के धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व को जाना। यहां से रोपवे द्वारा पिछोला झील का मनोरम दृश्य भी देखा गया जिससे वे अत्यंत प्रभावित हुए। इसके बाद प्रतिभागियों ने फतेह सागर झील का भ्रमण किया और वहां की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लिया। उन्होंने जलक्रीडा गतिविधियों और झील के किनारे के वातावरण का अनुभव किया। दिन का समापन सुखाडिया सर्कल पर हुआए जहां युवाओं ने फव्वारे के पास नाव की सवारी का आनंद लिया और स्थानीय व्यंजनों का स्वाद लिया। कार्यक्रम के माध्यम से कश्मीरी युवाओं को न केवल राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर से अवगत कराया जा रहा है।

## सार-समाचार

### राज्यपाल बागडे 22 को उदयपुर में

**उदयपुर**, । राज्यपाल हरिभाउ किसनराव बागडे की शनिवार 22 फरवरी को शनिवार सुबह 8:05 बजे वायुयान से उदयपुर के डबोक स्थित महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वे यहां से सर्किट हाउस आएंगे और कुछ देर विश्राम पश्चात यहां से विवेकानंद सभागार के लिए प्रस्थान करेंगे। वे वहां आयोजित वरिष्ठ नागरिकों की राष्ट्रीय कांफ्रेंस में भाग लेंगे और 11.35 बजे यहां से डबोक एयरपोर्ट पहुंचकर मध्याह्न 12:2० बजे राजकीय विमान से जयपुर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे। इसी तरह भारत सरकार के मत्स्य, पशुपालन, डेयरी एवं पंचायतीराज राज्यमंत्री एस.पी. सिंह बघेल शुक्रवार सुबह 9:25 बजे वायुयान से उदयपुर आएंगे। वे यहां विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में शिरकत कर इसी दिन रात्रि 8 बजे वायुयान से दिल्ली के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

### सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश 24 को उदयपुर में

**उदयपुर**, । भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश मनमोहन सोमवार वायुयान से उदयपुर आएंगे। वे यहां विभिन्न स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे और 26 फरवरी को दिल्ली के लिए प्रस्थान कर जाएंगे। वहीं भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश संदीप मेहता 21 फरवरी शाम 4:30 बजे वायुयान से उदयपुर आएंगे। वे यहां से सडक मार्ग द्वारा नाथद्वारा के लिए प्रस्थान करेंगे।

### फागोत्सव मेले के पोस्टर विमोचन

**उदयपुर**, । लायंस क्लब उदयपुर मेवाड गौरव द्वारा आयोजित फागोत्सव मेले को लेकर पोस्टर विमोचन किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर अमित मेहता और पूर्व प्रांतपाल अनिल नाहर उपस्थित रहे। संयोजक कल्पना शर्मा ने बताया कि क्लब द्वारा 9 मार्च को फागोत्सव मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले का उद्देश्य होली के उल्लास को बढाने के साथ.साथ चैरिटी के लिए फंड एकत्रित करना है। उन्होंने बताया कि मेले में खाने पीने और गेम्स के स्टॉल भी लगाए जाएंगे।मेले से प्राप्त धनराशि का उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में सैनिटरी पैड्स इंसीनरेटर मशीन और अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के लिए किया जाएगा।

### तोड़फोड़ व जान से मारने की धमकी

**उदयपुर**, । शराब के लिए रूपये नहीं देने पर तोड़फोड़ कर दुकानदार को जान से मारने की धमकी देने वाल दो आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सविना थाना क्षेत्र विजयसिंह पथिक नगर निवासी भवानीसिंह पुत्र मोहनसिंह सिसोदिया निवासी विजयसिंह पथिक नगर सविना ने आरोपी आकाश हरिजन एवं करण ओड़ के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि मैं अपने निवास स्थान के समीप किराणा एवं डेयरी का कारोबार करता हूं।

# राजस्थान विद्यापीठ में मीरा महोत्सव आज से

**उदयपुर**, । साहित्य अकादमी, नई दिल्ली और जनार्दन राय नागर विद्यापीठ विवि, उदयपुर के संयुक्त तत्त्वावधान में दो दिवसीय मीरां महोत्सव शुक्रवार से शुरू होगा। इस महोत्सव में देश भर के विद्वान, लेखक, समीक्षक और कलाकार भाग लेंगे। यह महोत्सव साहित्य, संस्कृति और भक्ति परंपरा को समर्पित एक महत्वपूर्ण आयोजन है।

समन्वयक प्रो. प्रदीप त्रिखा ने बताया कि विद्यापीठ के आईटी सभागार में होने वाले इस महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार पूर्वाह्न 11 बजे उद्घाटन सत्र से होगा। इस अवसर पर स्वागत भाषण साहित्य अकादमी के उपसचिव देवेंद्र कुमार देवेश देंगे। आरंभिक वक्तव्य साहित्य अकादमी की सामान्य परिषद के सदस्य माधव हाडा प्रस्तुत करेंगे। महोत्सव का उद्घाटन जनार्दन राय नागर विद्यापीठ विवि, उदयपुर के कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर मीरां अध्ययन एवं शोध पीठ के अध्यक्ष कल्याणसिंह शेखावत बीज भाषण देंगे।

समारोह के मुख्य अतिथि साहित्य अकादमी के विजय बहादुर सिंह होंगे, जबकि अध्यक्षीय भाषण विद्यापीठ के कुलाधिपति भंवरलाल गुर्जर देंगे। उद्घाटन सत्र के उपरांत अपराह्न 2 बजे से प्रथम सत्र का आयोजन होगा, जिसकी अध्यक्षता मलय पानेरी करेंगे। इस सत्र में विद्वान वक्ता खजूर सिंह ठाकुर और जीवनसिंह खरकवाल विचार व्यक्त करेंगे। इसके बाद 4 बजे से द्वितीय सत्र होगा। इस सत्र की अध्यक्षता प्रख्यात आलोचक विजयबहादुर सिंह करेंगे। इस सत्र में मंजू चतुर्वेदी और विशाल विक्रम सिंह अपने व्याख्यान देंगे।

द्वितीय सत्र के बाद सायंकालीन सत्र में मीरां भजन गायन का विशेष आयोजन भजन संध्या के रूप में होगा, जिसमें प्रख्यात गायिका नीहारिका सिन्हा संगीतमय प्रस्तुति देंगी। महोत्सव के दूसरे दिन, शनिवार को, तृतीय सत्र का आयोजन होगा, जिसकी अध्यक्षता ब्रज रतन जोशी करेंगे। इस सत्र में रउफ अहमद आदिल और सरवत खान विचार रखेंगे। इसके पश्चात समापन सत्र का आयोजन मध्याह्न 12 बजे से होगा, जिसकी अध्यक्षता जनार्दन राय नागर विद्यापीठ विवि उदयपुर के कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत करेंगे। समापन भाषण जनार्दन राय नागर विद्यापीठ विवि, उदयपुर के पूर्व कुलाधिपति बलवंत जानी देंगे।

## राजस्थान सरकार का बजट निराशाजनक

**उदयपुर**, । पूर्व सांसद रघुवीर सिंह मीणा ने राजस्थान सरकार के बजट को निराशाजनक करार दिया है । पूर्व सांसद मीणा ने बताया उदयपुर क्षेत्र में कोई भी नई योजना की घोषणा नहीं की गई है, व ऐसा प्रतीत होता है कि गहलोत सरकार का बजट कॉपी कर योजनाओं का बजट घटा दिया है। उन्होंने बताया कि नए सलूम्बर जिले के लिये बजट में की गई 125 करोड़ रु की व्यवस्था अपर्याप्त है । ये ऐसा है जैसे सलूम्बर जिले के लोगों को तिलक निकालकर जीमने बैठा दिया और भोजन कुछ है नहीं। एक नए जिले की स्थापना क्या सिर्फ 125 करोड में संभव है । उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय में डाया डेम को टीडी नदी से भरने के लिये 250 करोड की योजना मंजूर करवाई थी, अर्थात सिर्फ एक तालाब के लिये 25०करोड और पूरे जिले के लिये सिर्फ 125 करोड देना मजाक है।

# ढाई लाख लीटर से अधिक वॉश की नष्ट

■ निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर अंकुश लगाने हेतु

**उदयपुर** , । आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर अंकुश लगाने हेतु जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत प्रभावी कार्यवाही करते हुए जनवरी माह में ढाई लाख लीटर से अधिक वॉश नष्ट करने के साथ 762 केस दर्ज किए गए।

आबकारी आयुक्त के अनुसार प्रदेश में जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई है। प्रदेश में जनवरी माह में 2 लाख 66 हजार 357 लीटर वॉश नष्ट किया गया। इसी क्रम में भारत निर्मित विदेशी मदिरा की 15292, देशी मदिरा की 5461, अवैध मदिरा की 5244, बीयर की 1064 बोतल सहित 8 किलोग्राम भांग व 15 लीटर स्प्रिट सीज किया । अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रदीप सिंह सांगावत ने बताया कि प्रदेश में विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत जनवरी माह में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय में संलिप्तता पर राजस्थान आबकारी अधिनियम के तहत 762 केस दर्ज करते हुए 589 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। अवैध मदिरा परिवहन के तहत 15 दुपहिया वाहन, 2 हल्के चार पहिया वाहन एवं 2 भारी चार पहिया वाहनों सहित 19 वाहनों को सीज किया गया है।

## जस्टा रिसोर्ट के समीप अवैध निर्माण को सीज किया

**उदयपुर**, (का.स.)। उदयपुर विकास प्राधिकरण (यूडीए) ने गुरूवार को सज्जनगढ़ वन्य जीव अभ्यारण्य के ईको सेन्सिटिव जोन में अवैध रूप से हो रहे व्यावसायिक निर्माण को सीज कर दिया। यह निर्माण जस्टा रिसोर्ट से सटी जमीन पर किया जा रहा था। यूडीए आयुक्त राहुल जैन ने बताया कि राजस्व ग्राम सीसारमा के आराजी संख्या 1797, 1798 में नगर विकास प्रन्यास द्वारा जारी पट्टे की भूमि में बिना स्वीकृति एवं बिना भू.उपयोग परिवर्तन के व्यावसायिक निर्माण किया जा रहा था। तहसीलदार डॉ.अभिनव शर्मा के मार्गदर्शन में इस निर्माण को आज सीज कर दिया गया। सज्जनगढ़ वन्य जीव अभ्यारण्य के ईको सेन्सिटिव जोन की सीमा में बिना स्वीकृति के हो रहे इस अवैध निर्माण को यूडीए द्वारा पूर्व में रूकवाया भी गया। उसके बावजूद निर्माण जारी रखने पर गुरुवार को सीज की कारवाई की गई। यह निर्माण जस्टा रिसोर्ट से सटी जमीन पर हो रहा था। मौका स्थिति अनुसार रिसोर्ट या होटल विस्तार प्रयोजनार्थ ही यह निर्माण किया जा रहा था।


**संशोधन**

एडवोकेट प्रवीण देवपुरा की 29 जनवरी 25 को प्रकाशित आम सूचना मे भूखण्ड संख्या 23 का नाप 2100 फीट पढा जाए।

**कार्यालय नगर परिषद, राजसमंद**
**जिला-राजसमंद**

क्रमांक : नपरा/राजस्व/2024-25/2853 दि. 12.2.2025

**आपत्ति सूचना पत्र**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रेनु पत्नी श्री राजन बाबूजी निवासी मारूती विद्यालय के पास, सुजयनगर भरतपुर, जिला-भरतपुर द्वारा पैतृक/ खरीदशुदा से प्राप्तशुदा आवासीय/ वाणिज्यिक पट्टेशुदा भूखण्ड/मकान जो राजस्व ग्राम पीपरड़ा के आराजी नं. 3911/413, 4053/413 पट्टा संख्या 2067 दिनांक 5.10.2015 भुखंड सं. ई 22 का क्षेत्रफल 1116.00 वर्गफीट का पट्टा जारी किया गया। आवेदक द्वारा क्रय शुदा/प्राप्तशुदा उक्त भुखंड सं. ई 22 का क्षेत्रफल 1116.00 वर्गफीट का उपविभाजन/एकीकरण/ नामांतरण/ तामीर स्वीकृति चाही गई है जिसके पड़ौस निम्नानुसार है

| | | | |
|---|---|---|---|
| पूर्व | 35'' | पड़ौस | प्लॉट नं. 21 |
| पश्चिम | 35'' | पड़ौस | रास्ता 30 फीट चौड़ा |
| उत्तर | 35'' | पड़ौस | प्लॉट नं. 01 पर निर्मित मकान |
| दक्षिण | 30'' | पड़ौस | रास्ता 30 फीट चौड़ा |

उपरोक्त आवेदित भूखण्ड/भवन का उपविभाजन/ एकीकरण/नामान्तरण/तामीर जारी करने में यदि किसी हितधारी को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति सूचना प्रकाशित होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। बाद मयाद कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

आयुक्त
नगर परिषद, राजसमंद


# छात्रों को नशा मुक्ति से किया जागरूक

**उदयपुर** , । पेसिफिक दंत महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, देबारी में दंत छात्रों के लिए व्यसन मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम विमुक्ति यात्रा के अंतर्गत रोटरी क्लब द्वारा आयोजित किया गया। विमुक्ति यात्रा एक दस हजार किमी. लंबी यात्रा है, जिसके तहत पूरे भारत देश में व्यसन मुक्ति एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाई जा रही है। यात्रा के मुख्य संयोजक के रूप में डॉ. हर्षद उदेशी, डॉ. सिध्दार्थ उदेशी एवं विशाल पटवा ने छात्र छात्राओं को अलग अलग प्रकार के व्यसनों जैसे की तम्बाकू, शराब, ड्रग्स एवं डिजिटल उपकरणों से बचने के विभिन्न तरीकों से अवगत कराया। साथ ही बेहतर मानसिक स्वास्थ्य की महत्ता पर जोर दिया। यात्रा के तहत अभी तक कुल 16 राज्यों में इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। इस अवसर पर डॉ. ए. भगवानदास राय, डॉ. कैलाश असावा, डॉ. मृदुला टांक एवं समस्त छात्र छात्राएँ मौजूद रहे।

## धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**उदयपुर**, । शहर के भूपालपुरा थाना पुलिस ने दो भाईयों के खिलाफ उधार ली गई नकदी नहीं लौटा कर पीडित के साथ धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित हाथीपोल खटीकवाड़ा निवासी राजेश पुत्र राधेश्याम खटीक ने किसर विलास कॉलोनी राता खेत निवासी किशन पुत्र मांगीलाल जोशी तथा भेरूलाल पुत्र मांगीलाल जोशी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि जरूरत होने पर आरोपियों ने वर्ष 2023 में10 लाख रूपये उधार लेकर एग्रीमेंट किया।

# महाकुंभ के संगम घाट में लगाई डुबकी

**उदयपुर**, । उदयपुर से प्रयागराज महाकुंभ यात्रा पर गए दल ने महाकुंभ के संगम घाट पर डूबकी लगाई।

यात्रा संयोजक पिंकी औदिच्य ने बताया कि 12 दिवसीय यात्रा पर सवीना से निकले जिसमें प्रयागराज के संगम घाट, वाराणसी, गंगासागर होते हुए अयोध्या पहुंचे जहां पर एक यात्री ने अयोध्या में भगवान श्री रामलला मंदिर में एक किलो चांदी की ईट अयोध्या मन्दिर में भेंट की गई। सभी बस यात्रियों ने चांदी की ईट दान करने वाले दानदाता का मेवाडी पगडी, उपरणा, माला पहना कर स्वागत किया गया। यात्री जगदीश औदिच्य ने बताया कि त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाने के बाद प्रतिनिधि दल ने समूचे महाकुंभ क्षेत्र का दौरा किया।

जिससे उन्हें इस विशाल धार्मिक आयोजन की व्यापकता साक्षात देखने को मिली। अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने दुनिया के इस सबसे बडे आयोजन के भव्य इंतजाम के लिए योगी सरकार की जमकर प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि महाकुंभ दुनिया को एकता का संदेश दे रहा है। भारतीय संस्कृति को देखने और समझने के लिए सभी देशों के लोगों को यहां महाकुंभनगर जरूर आना चाहिए। प्रतिनिधि दल ने महाकुंभ के दौरान विभिन्न अखाडों का भ्रमण किया। यहां उन्होंने साधु-संतों से मुलाकात की और महाकुंभ के ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के बारे में जाना। साधु-संतों ने महाकुंभ की प्राचीन परंपराओं, अखाडों की भूमिका और भारतीय संस्कृति की महिमा के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# शिल्पग्राम में छाएगी बहार 'ऋतु बसंत' की , उत्सव 28 से

■ केंद्र के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि उत्सव का शुभारंभ 28 फरवरी को

**उदयपुर**, । पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, द्वारा शिल्पग्राम में बसंत ऋतु के स्वागत में तीन दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव 'ऋतु वसंत' का आयोजन 28 फरवरी से 2 मार्च तक किया जाएगा। उत्सव में शास्त्रीय संगीत और नृत्य की नामचीन हस्तियां अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगी। केंद्र के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि उत्सव का शुभारंभ 28 फरवरी को जोधपुर के प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक पं. राजेन्द्र वैष्णव के सुरों से होगा। इसके बाद पुणे की ख्याति प्राप्त कथक गुरु शमा भाटे अपने समूह के साथ कथक की प्रस्तुति देंगी। 1 मार्च को, गोवा के प्रख्यात शास्त्रीय गायक डॉ. प्रवीण गांवकर अपनी प्रस्तुति देंगे। उन्हें तबले पर रोहिदास परब, हारमोनियम पर सुभाष फतेरपेकर, और सारंगी पर वसीम खान का साथ मिलेगा। इसके बाद, अमित गंगानी एवं उनका समूह कथक नृत्य की प्रस्तुति देगा। अंतिम दिन जयपुर के प्रसिद्ध गायक मो. अमान खान शास्त्रीय गायन प्रस्तुत करेंगे। इसके पश्चात, दिल्ली की सुप्रसिद्ध नृत्यांगना कनक सुधाकर एवं उनके दल द्वारा भरतनाट्यम की प्रस्तुति 'आनंद नाट्यम' दी जाएगी। कार्यक्रम प्रतिदिन सायं 7 बजे से शिल्पग्राम के मुक्ताकाशी रंगमंच पर होगा।

## निगम ने होटल, वाटिका और कार डेकोर को किया सीज

**उदयपुर**, । नगर निगम द्वारा लगातार यूडी टैक्स वसूली को लेकर गुरुवार को राजस्व शाखा द्वारा 3 प्रतिष्ठानों को सीज किया गया। इन प्रतिष्ठानों पर 24 लाख रूपये यू डी टैक्स बकाया था ।

नगर निगम राजस्व अधिकारी नितेश भटनागर ने बताया कि आयुक्त राम प्रकाश के निर्देश पर नगरीय विकास कर वसूलने को लेकर फिर कार्यवाही करते हुए तीन प्रतिष्ठानों को सीज किया । गुरुवार को सब सिटी सेंटर स्थित होटल वेस्ट वुड जिसका नगरीय विकास कर कुल 7 लाख 38 हजार 7 रूपये बकाया था जिसे सीज किया । इसी के साथ न्यू माली कॉलोनी नागदा भवन स्थित वाटिका जिसका 8 लाख99हजार474रुपए का नगरीय विकास कर बकाया था ।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई में मिली आमजन को राहत

■ एडीएम ने बताया कि जनसुनवाई में 104 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनके संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों से वस्तु स्थिति के बारे में जानते हुए

**उदयपुर**, । जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक एवं जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित डीओआईटी परिसर में आयोजित की गई। जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देशन में अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासप) दीपेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजितजनसुनवाई में परिवादियों की समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश प्रदान किये गये।

एडीएम ने बताया कि जनसुनवाई में 104 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनके संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों से वस्तु स्थिति के बारे में जानते हुए इन प्रकरणों को समयबद्ध निस्तारण करने एवं परिवादियों को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई में मुख्यत: अतिक्रमण, कब्जा, मनरेगा, पुलिस, सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर निगम, और उदयपुर विकास प्राधिकरण से संबंधित परिवाद आए। जिला स्तरीय अधिकारियों ने प्रत्येक परिवादी की समस्या को व्यक्तिगत रूप से सुना और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एडीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक परिवाद का निष्पक्षता के साथ संतोषजनक समाधान किया जाए। इस अवसर पर जिला परिषद सीईओ रिया डाबी, अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) वारसिंह, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश, गिर्वा उपखण्ड अधिकारी सोनिका कुमारी, यूडीए सचिव हेमेन्द्र नागर, ओएसडी जितेन्द्र ओझा समेत विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## जेवर व नकदी चोरी

**उदयपुर**, । झाड़ोल कस्बे में स्थित सूने मकान का चोर ताला तोड़ कर जेवर व नकदी चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार झाड़ोल कस्बे के मगवास निवासी हरिशचन्द्र पुत्र मदनलाल जोशी के सूने मकान का 18 फरवरी रात में चोर ताला तोड़ कर सोने की चेन, 5 हजार रूपये नकदी तथा महिलाओं के नये कपड़े व अन्य सामान चुरा ले गए। हरिशचन्द्र परिवार सहित उदयपुर स्थित मकान पर गया था। वारदात की सूचना मिलने पर गांव लौट कर देखा तो ताला टूटा हुआ एवं कमरों व अलमारियों का सामान बिखरा पड़ा होकर जेवर व नकदी गायब थी।


**कार्यालय नगर परिषद, राजसमंद**
**जिला-राजसमंद**

क्रमांक : नपरा/राजस्व/2024-25/2854 दि. 12.2.2025

**आपत्ति सूचना पत्र**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गजेन्द्र वर्मा पिता श्री शंकरलालजी वर्मा निवासी सेलागुड़ा, तहसील आमेट जिला-राजसमंद द्वारा पैतृक/ खरीदशुदा से प्राप्तशुदा आवासीय/ वाणिज्यिक पट्टेशुदा भूखण्ड/मकान जो राजस्व ग्राम गुड़ली के आराजी नं. 357 पट्टा संख्या 236/94 दिनांक 30.11.1994 भुखंड का क्षेत्रफल 12992.94 वर्गफीट का पट्टा जारी किया गया। आवेदक द्वारा क्रय शुदा/प्राप्तशुदा उक्त भुखंड सं. 19 ए का क्षेत्रफल 1500.00 वर्गफीट का उपविभाजन/एकीकरण/ नामांतरण/ तामीर स्वीकृति चाही गई है जिसके पड़ौस निम्नानुसार है

| | | | |
|---|---|---|---|
| पूर्व | 30'' | पड़ौस | रास्ता 30 फीट चौड़ा |
| पश्चिम | 30'' | पड़ौस | भूखंड सं. 18 |
| उत्तर | 50'' | पड़ौस | भूखंड सं. 19 ए |
| दक्षिण | 50'' | पड़ौस | रास्ता 20 फीट चौड़ा |

उपरोक्त आवेदित भूखण्ड/भवन का उपविभाजन/ एकीकरण/नामान्तरण/तामीर जारी करने में यदि किसी हितधारी को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति सूचना प्रकाशित होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। बाद मयाद कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

आयुक्त
नगर परिषद, राजसमंद


## केमिकल पाउडर से भरे टैंकर में आर्ग

**उदयपुर**, । उदयपुर-चित्तौड़गढ़ हाइवे पर डबोक ओवरब्रिज पर गुरूवार सुबह केमिकल पाउडर से भरे एक टेंकर में अचानक आग लग गई। जिसे फायर ब्रिगेड ने काबू किया। आग के भयावह होने से पहले चालक ने कूदकर अपनी जान बचा ली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार सवेरे उदयपुर चित्तौड़गढ़ हाइवे पर डबोक ओवरब्रिज पर केमिकल पाउडर से भरे टेंकर के टायरों में अचानक आग लग गई। इसको देख चालक ने गाड़ी को एक तरफ खड़ी कर कूद कर अपनी जान बचाई तथा हादसे को टाल दिया। सूचनापर सुन्दरवास स्टेशन से फायरमेन प्रभूलाल मैनारिया, प्रदीप वैष्ण तथा होमगार्ड जवान संजय कोटिया, वाहन चालक राजेश कंडारा फायर ब्रिगेड की गाडी लेकर मौके पर पहुंचे तथा आग पर काबू किया। आग से टेंकर का कुछ हिस्सा जल कर नष्ट हो गया। टेंकर में सिमेंट केमिकल से भरा था एवं उदयपुर से चित्तौड़ की तरफ जा रहा था।

# उदयपुर में अमृता हाट मेला 24 तक

■ भण्डारी दर्शक मण्डप, गांधी ग्राउण्ड में महिला स्वयं सहायता के समूहों को सम्बल प्रदान करने के लिए मेला का आयोजन किया।

**उदयपुर** , । भण्डारी दर्शक मण्डप, गांधी ग्राउण्ड में महिला स्वयं सहायता के समूहों को सम्बल प्रदान करने के लिए आयोजित संभाग स्तरीय अमृता हाट मेला महिलाओं में सम्बल प्रदान करने के उद्देश्य से, सजा हाट तीसरे दिन ग्राहको से भरा-भूरा रहा। मेला 18 से 24 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। मेलाथियों ने जूट बैग्स, कशीदाकारी बैडशीटस एवं कोटा-डोरियां की साडियों की विशेषत: खरीददारी की। मेले मे आए मेहमानो ने विभिन्न प्रकार के उत्पादों को खरीदा। खरीददारी के उपरान्त मेलार्थियों ने सेल्फि पॉईंट पर उत्साहपूर्वक सेल्फी खींच कर मेले में अपनी उत्सुकता जाहिर की।संजय जोशी, उपनिदेशक, महिला अधिकारिता ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति अलग-अलग जिलो के महिला स्वयं सहायता समूहों के द्वारा स्टॉल्स लगाई गई है। मेले मे सक्षम साथिन विकास कार्यक्रम अन्तर्गत पांच दिवसीय साथिन आधारभूत प्रशिक्षण का आरंभ भी अमृता हाट में हुआ। जिसमें समस्त नवचयनित साथिनों को 5 दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण के माध्यम से जाजम बैठकों एवं विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की जावेगी। ललित कटारा, सुपरवाईजर म.अ. एवं मंजू चौबीसा ने साथिनों को एक्सपोजर विजिट, जाजम बैठक के बारे में अवगत कराया। उप निदेशक, महिला अधिकारिता, उदयपुर ने समस्त विभागीय योजनाओं के बारे में समस्त साथिनों को जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में गीता देवी एण्ड पार्टी ने सांस्कृतिक नृत्य चरी नृत्य एवं घूमर नृत्य में अपनी प्रस्तुति दी।

अमृता प्रीमियर लीग 25 कबडड्ी खेल में सावित्री बाई फुले तथा रस्साकस्सी में मीरा गर्ल्स छात्रावास की छात्राऐं रही। गांधी ग्राउण्ड में विद्यालयों/छात्रावासों की बालिकाओं की अमृता प्रीमियर लीग में आज कबडड्ी एवं रस्साकस्सी के खेल आयोजित हुए। उक्त आयोजन जिला खेल अधिकारी महेश पालीवाल एवं पुलिस उपअधीक्षक चेतना भाटी के निर्देशन में संपादित हुए। अमृता प्रिमियर लीग में कबडड्ी के खेल में सावित्री बाई फूले हॉस्टल भुवाणा की छात्राऐं प्रथम सोपान पर रहीं तथा मीरा गर्ल्स कॉलेज की छात्राऐं रस्साकस्सी प्रतियोगिता में प्रथम रही। प्रतियोगिता के आयोजन में हेमलता, नफीसा, सुनिल कुमावत आदि का विशेष योगदान रहा। संभाग स्तरीय अमृता हाट में मेलार्थियों के मनोरंजन हेतु प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें आकर्षण का केन्द्र वन मिनिट शो रहा। जिसमें बालिकाओं, मेलार्थियों, द्वारा सामूहिक रूप से खुले पंजीकरण के माध्यम से सहभागिता निभाई गई। वन मिनिट शो की विजेता नन्दिनी खटीक एवं भव्या शर्मा रही। जिसके पश्चात् बालिकाओं की कुर्सी रेस आयोजित की गई। जिसमें झील पहाडिया प्रथम स्थान पर रही। अमृता हाट में महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगभग 4.11 लाख से अधिक स्वयं के द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री दर्ज की गई।

## काव्य प्रस्तुति शब्दाभिषेक का आयोजन 24 को

**उदयपुर**, । मेवाड जनशक्ति दल उदयपुर एवं बिजनेस सर्कल इंडिया (बीसीआई) की ओर 24 फरवरी को शाम 7 बजे से मधुश्री ऑडिटोरियम शोभागपुरा रोड पर काव्य प्रस्तुति शब्दाभिषेक का आयोजन किया जाएगा। मेवाड जन शक्ति दल के संस्थापक नरेश कुमार शर्मा ने बताया कि इस काव्य प्रस्तुति में कपिल पालीवाल द्वारा महाकाल शिव की आराधना के माध्यम से शब्दों का अभिषेक किया जाएगा। यह एक अनोखी प्रस्तुति होगी।

बीसीआई के अध्यक्ष मुकेश माधवानी ने कहा, हमें इस अद्वितीय काव्य प्रस्तुति का आयोजन करने का अवसर मिलने पर गर्व है।यह प्रस्तुति दर्शकों को एक नए आयाम में ले जाएगी। मेवाड जनशक्ति दल के संस्थापक नरेश कुमार शर्मा ने कहा, कपिल पालीवाल द्वारा देश के कई कोनों में की गई इस प्रस्तुति को अब उदयपुर में भी देखा जा सकेगा।


**भुगतान रसीद पुस्तिका के खो जाने की सार्वजनिक सूचना**

यह आम जनता के ध्यान में लाया जाता है कि एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड से संबंधित अनुलग्नक ए में उल्लिखित मूल भुगतान रसीदें खो गई हैं/गलत जगह पर रख दी गई हैं और उनका पता नहीं लगाया जा सकता है। यदि किसी व्यक्ति को यह मिल जाए, तो उससे अनुरोध है कि वह तुरंत नीचे दिए गए पते पर बैंक को रसीदें लौटा दे। इसके अलावा, कोई भी इन रसीदों से लेन-देन नहीं करेगा और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड किसी भी तरह से इन रसीदों के किसी भी तरह के दुरुपयोग के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। पता: एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, आशापुरा मोड़, परतापुर-बांसवाड़ा रोड, पोस्ट-परतापुर, पीएस-गढ़ी, जिला-बांसवाड़ा, आरजे, पिन-327022।

| अनुलग्नक ए | | | |
|---|---|---|---|
| क्र.सं. नहीं। | खोई हुई तारीख | रसीद बुक नं. | पत्र संख्या |
| 1. | 17-फरवरी-25 | 50983 | 1274555 से 1274575 |

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल देवगढ जिला राजसमन्द (राज.)**

क्रमांक / न.पा.दे. / स्टेट ग्रांट / 2021 / 3463 दिनांक:- 19.02.2025

**आपत्ति आमंत्रण पत्र**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर नगर पालिका क्षेत्र में स्थित स्वंय के "पुश्तैनी" मकान का राज0 स्टेट ग्रान्ट एक्ट 1961 आबादी नियमन के तहत पट्टा आवासीय चाहा है। इस बाबत इनके मालिकाना हक संबंधी अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस सार्वजनिक सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में अपनी आपत्ति मय दस्तावेजो के साथ नगर पालिका कार्यालय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दर्ज करा सकते है। बाद मियाद कोई आपत्ति स्वीकार नही होगी, तथा स्टेटग्रान्ट एक्ट 1961 आबादी नियमन के तहत पट्टा संबंधी अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

| क्र.सं. | आवेदककानाम | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण | नाप |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री दुर्गाशंकर शर्मा पिता स्व.रामेश्वर लाल शर्मा निवासी देवगढ वार्ड नं 10 | आम रास्ता | महादेव मन्दिर का चौक | श्री कृष्णचन्द्र पानेरी जी का मकान | मुरलीधर पानेरी का मकान व भैरू जी का देवरा | 1545.62S QFT |
| 2 | श्री खुमान सिंह पिता लक्ष्मण सिंह निवासी देवगढ वार्ड नं 10 | आम रास्ता | सौभागय सिंह का मकान | आम रास्ता व सौभागय सिंह का मकान | कल्याण सिंह जी का मकान | 935.06SQ FT |
| 3 | श्री लादुलाल पिता गंगाराम सालवी श्रीमती नर्बदासालवी पत्नि कालुराम सालवी निवासी देवगढ वार्ड नं 09 | आम गली | भंवर जी खटिक का मकान | आम गली | अफसर हुसैन का मकान | 384.62SQ FT |
| 4 | श्री प्रेम सिंह पिता हरि सिंह श्रीमती पुष्पा देवी पत्नि प्रेम सिंह निवासी देवगढ वार्ड नं 15 | खुब सिंह जी का मकान | आम रास्ता | आम रास्ता | घनश्याम सिंह जी का मकान | 318.79 SQFT |
| 5 | श्रीमती कमला देवी पत्नि भागीरथ राजपूत निवासी देवगढ वार्ड नं 12 | मेहेन्द्र सिंह जी का मकान | परशुराम जी का मकान | लाल सिंह जी का मकान | आम रास्ता | 1357.29 SQFT |

संबंधित आवेदन की विस्तृत जानकारी नगरपालिका ,देवगढ मे उपस्थित होकर कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती हैं। अपना दाव/आपत्ति नगर पालिका देवगढ में 7 दिवस में प्रस्तुत करे ।

राज.संवाद/सी/24/11991

अधिशाषी अधिकारी


MARUTI SUZUKI
NEXA
WHERE'S YOUR INSPIRATION TAKING YOU NEXT?
Drive home your favourite NEXA car and explore new horizons.
CREATE. INSPIRE.
3 years 100 000 km WARRANTY*
EXTENDABLE UPTO 6 YEARS
CONSUMER OFFERS OF UP TO ₹1 90 000#
EXCHANGE BONUS OF UP TO ₹1 00 000#
PER LAKH EMI STARTING FROM ₹1 470#
ADDITIONAL SCRAPPAGE BONUS IS AVAILABLE AGAINST VALID CERTIFICATE OF DEPOSIT.
SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM
Contact us at
1800-200-[6392]
1800-102-[6392]
For detailed T&C kindly visit your nearest dealership. Features and accessories shown may not be a part of the standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers and features may vary subject to the model and variant purchased. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till 28th February '25 or till stocks last whichever is earlier. Offers mentioned are applicable on available stock of 2024 make. *3 years or 100 000 km whichever is earlier. #Above scheme is as per SBI Green Loan structure (eligible models: Strong Hybrid). Above mentioned finance offering is an indicative offering as offer may vary basis customer profile, geography, credit score etc. All loans at the sole discretion of the financer. Commercial usage vehicle funding not covered in the above mentioned scheme.